INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक

# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
DAVP-: 134220

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-2 | अंक-721 | मथुरा, बुधवार, 19 फरवरी 2025 | पेज-12 | 5 रुपया | wwwÜfacebookÜcom/uniquesamay | twitterÜcom/Theuniquesamay | wwwÜlinkedinÜcom/in/uniquesamay



INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी
सांध्य दैनिक
# यूनिक समय
RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
DAVP-: 134220

Sweety
BY
MR GROUP
Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-2 | अंक-721 | मथुरा, बुधवार, 19 फरवरी 2025 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

### श्रीकृष्ण जन्मस्थान क्षेत्र में फैली दहशत

# ऑक्सीजन का सिलेंडर फटा, धमाका



घटना के बाद क्षतिग्रस्त मकान व बिखरा सामान।

- एक महिला के चिथड़े उड़े, दो घायल
- आसपास के कई मकानों में आई दरारें
- विस्फोट से इलाके में मचा हड़कंप पुलिस मौके पर पहुंची

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना गोविंदनगर के 80 फुटा पर गिलट का काम करने के दौरान ऑक्सीजन गैस सिलेंडर फट गया। दुर्घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इसके साथ दो लोग घायल हैं। दुर्घटना के समय धमाका इतना तेज था कि आसपास के मकानों में दरार पड़ गई।



मृतक संजना (फाइल फोटो)

सावरिया महाविद्या के अस्सी फुटा रोड पर सेक्टर एफ में शेखर गेस्ट हाउस के सामने गली में सांवरिया का मकान है। सांवरिया के तीन बेटे मोनू, सौरभ व आकाश हैं। आज तीनों भाई काम पर गए हुए थे। घर पर मोनू की पत्नी मीना, सौरभ की पत्नी गुंजन व आकाश की पत्नी संजना व बहन पूनम व भतीजा ठाकुर थे। बच्चे भी घर से बाहर खेल रहे थे। घर पर गिलट का काम होता था। बताया गया कि दोपहर करीब 12 बजे वहां रखे ऑक्सीजन का गैस सिलेंडर अचानक तेज आवाज के साथ फट गया। सिलेंडर की चपेट में आकर वहां मौजूद संजना के शरीर के चिथड़े उड़ गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज आवाज के साथ सिलेंडर आग के गोले के रूम में काफी ऊंचाई तक चला गया। तेज आवाज के कारण इलाके में हड़कंप मच गया। कई मकानों की दीवारों में दरार आ गई। दुर्घटना में मीना व ठाकुर घायल हो गए। दुर्घटना का पता लगते ही पुलिस बल और आस-पास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इसके साथ ही मृत महिला के क्षत विक्षत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



विलाप करता मृतक महिला का पति।

## मृत महिला के परिवार का महौल गमगीन

**यूनिक समय, मथुरा।** हादसे की शिकार हुई संजना की शादी भी कुछ साल पहले ही हुई थी। उसकी मौत से पति और उसके मायके के लोग दुखी हैं। पति के तो आंसू निकल रहे हैं। दुर्घटना का पता लगने पर देखने के लिए उसके रिश्तेदार और मिलने वाले घर पहुंच रहे हैं। उसकी ननद और देवरानी जिठानी भी बेहद दुखी हैं।



घटना में फटा ऑक्सीजन सिलेंडर।

## पुलिस के अधिकारी पहुंचे मौके पर

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्म स्थान के यलो जोन में आज ऑक्सीजन गैस सिलेडर फटने से हुए धमाके से इलाके में तैनात पुलिस कर्मियों में भी हड़कंप मच गया। पुलिस के आला अधिकारी भी दुर्घटना का पता लगने पर मौके पर पहुंच गए। इसके साथ ही उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया।



घटना स्थल पर लगी भीड़।



विलाप करते मृत महिला के परिवारीजन।

## ऑक्सीजन सिलेंडर फटने की घटना से नहीं लिया लोगों ने सबक

**यूनिक समय, मथुरा। बीएसए** इंजीनियरिंग कॉलेज रोड पर ऑक्सीजन गैस सिलेंडर फटने से पूर्व में एक युवक की मौत हो चुकी है। दुर्घटना में दो लोग घायल भी हुए थे। इस घटना के बाद भी फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने शहर में इस तरह के गैस सिलेंडरों का प्रयोग करने वालों के बारे में कोई कार्रवाई नहीं की। साथ ही इन सिलेंडरों का उपयोग करने वालों ने ही इस हादसे से सबक नहीं लिया। शहर में हुई इस दुर्घटना से सबक लिया होता तो शायद आज होने वाली दुर्घटना नहीं होती।

## आबादी में ऐसे उद्योग न चलाएं : सीएफओ

**यूनिक समय, मथुरा।** जन्मभूमि इलाके में हुए धमाके के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी आग को बुझाने के लिए मौके पर पहुंची। इस बारे में सीएफओ ने बताया कि गोविंदनगर एफ सेक्टर में हुए विस्फोट की सूचना पर एक फायर टेंडर सहित दो वाहन मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद सीएफओ ने बताया कि वहां घर के एक हिस्से में चांदी व गिलट का काम होता है। दुर्घटना के समय शायद एक महिला काम कर रही थी, जिसकी मौत हो गई। उन्होंने लोगों को आबादी के इलाके में इस तरह के कारोबार को न करने को कहा है।

**निराशा** निलंबित डीपीआरओ को भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट से लगा झटका

# किरन चौधरी की जमानत याचिका खारिज

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद की निलंबित जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी की जमानत याचिका बुधवार को मेरठ के भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय ने खारिज कर दी है। मंगलवार को हुई सुनवाई में न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय ने आज डीपीआरओ की जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया है।



किरन चौधरी

न्यायालय में निलंबित डीपीआरओ के अधिवक्ता ने उनकी मेडिकल रिपोर्ट को आधार बनाते हुए व रंजिशन झूठा फंसाने का आरोप लगाया था। वहीं विजिलेंस आगरा से आए इंस्पेक्टर जितेन्द्र सिंह और अशोक कुमार की टीम ने न्यायालय में उपस्थित होकर शासकीय अधिवक्ता के माध्यम से अब तक की गई जांच में मिले साक्ष्य और शिकायतें प्रस्तुत की। शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि अगर निलंबित डीपीआरओ किरन चौधरी को जमानत दी गई तो जांच व गवाह प्रभावित हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक डीपीआरओ जमानत के लिए हाईकोर्ट का रुख कर सकती है। दूसरी तरफ अभी तक डीपीआरओ के निजी चालक विजेंद्र सिंह की ओर से जमानत के लिए कोई याचिका नहीं तैयार की गई है।

बता दें कि गत चार फरवरी को डीपीआरओ किरन चौधरी व उनके निजी चालक विजेंन्द्र को फरह ब्लॉक की ग्राम पंचायत झुड़ावई के प्रधान प्रताप सिंह राणा उर्फ पप्पू की शिकायत पर विजिलेंस टीम लखनऊ व आगरा ने रंगे हाथ 70 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा था।

पांच फरवरी को विजिलेंस टीम ने भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय ने डीपीआरओ व चालक को जेल भेज दिया। उसके बाद शासन ने डीपीआरओ निलंबित कर दिया था।

# रेखा गुप्ता दिल्ली की मुख्यमंत्री होंगी

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता होंगी। आरएसएस ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा था, जिसे भाजपा ने मान लिया है। भाजपा के पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद और ओम प्रकाश धनखड़ ने पार्टी दफ्तर में विधायकों से एक-एक करके बात की। फिर सीएम के नाम का ऐलान किया। ऐलान के साथ रेखा गुप्ता के घर पर जश्न का माहौल शुरू हो गया। मुख्यमंत्री की शपथ 20 फरवरी को रामलीला मैदान में दोपहर 12:35 बजे होगी। दिल्ली के मुख्य सचिव की तरफ से भेजे गए निमंत्रण में मुख्यमंत्री के साथ मंत्रियों की शपथ का भी जिक्र है। रेखा गुप्ता लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। कॉलेज



के वक्त से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ीं रहीं। 2023 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग से विधायक चुनी गईं।

हरियाणा राज्य के जींद जिले स्थित नगर जुलाना में रेखा गुप्ता का 19 जुलाई 1974 का जन्म हुआ। उनके दादा एक आढ़तिया थे।

# बरसाना-नंदगांव की होली देखने आएंगे योगी आदित्यनाथ

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, बरसाना।** नंदगांव और बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लठामार होली कार्यक्रम व उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा आयोजित होने वाले रंगोत्सव में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ सकते हैं। इसके लिए प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने निमंत्रण दिया है।



मंत्री के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने उनको बरसाना आने का आश्वासन दिया है। बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लठामार होली का आयोजन 8 मार्च और नंदगांव में लठामार होली का आयोजन 9 मार्च को होगा। इसकी तैयारियों में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, नगर पंचायत बरसाना व नंदगांव लगा हुआ है। ऐसे में संभावना है कि सीएम होली में दो दिन तक मथुरा में रहेंगे।

### रात्रि में करेंगे विश्राम, ब्रज के विकास पर होगी चर्चा

वे यहां रात्रि प्रवास भी करेंगे। इसके साथ ही मथुरा के विकास पर भी सीएम योगी जिले के अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। उन्होंने कैबिनेट मंत्री से कहा कि अयोध्या और काशी का विकास हो चुका है, अब मथुरा, वृंदावन, बरसाना, नंदगांव, गोवर्धन सहित सभी तीर्थ स्थलों का विकास कराना बाकी है। आस्था की नगरी मथुरा के विकास की जल्द ही योजना तैयार की जाएगी।

### जैंत गांव वासियों ने लगाई डीएम से गुहार

# जयकुंड का जीर्णोद्धार करा दो



जैंत के जयकुंड में दिखाई दे रहा दूषित जल।



जयकुंड में जैंत की नालियों का जाता गंदा पानी।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** डीएम साहब गांव का जयकुंड पौराणिक महत्व का कुंड है। इसमें गांव की नालियों का दूषित जल प्रवाहित हो रहा है। जिसमें गांव वासी ही नहीं श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने को मजबूर हैं। प्रदेश के बेस्ट टूरिज्म विलेज जैंत के पौराणिक जय कुंड और कालिया मर्दन नाग मंदिर में आस्था की हाजिरी एक बार अवश्य लगाएं। ताकि आपको पता चल सके कि इस कुंड का क्या हाल है। ग्राम पंचायत जैंत के सदस्य ठाकुर रामकुमार सिंह राजावत ने कहा है एमवीडीए और राजस्व विभाग के ईमानदार अफसरों की संयुक्त टीम बना कर नाले की साफ-सफाई के लिए बस्ती की तरफ से एप्रोच रोड के लिए केवल 4-5 मीटर चौड़ाई में सरकारी जमीन को खाली करवा कर सनातनियों की आस्था की रक्षा करें।

### अतिक्रमण से दिलाओ कुंड को मुक्ति

## कूड़ा डालने को मना करना छात्रा को महंगा पड़ा

**यूनिक समय, वृंदावन।** सेवाकुंज क्षेत्र में पड़ोसी युवक से घर के बाहर कूड़ा डालने की मना करना एक छात्रा को भारी पड़ गया। घटना समीप में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। ।कोतवाली पहुंची पीड़ित छात्रा ने बताया कि बुधवार की सुबह पड़ोस में रहने वाले जनार्दन ने उसके के घर के बाहर कूड़ा डाल दिया। जब उसने कूड़ा डालने के लिए मना किया तो गुस्साए जनार्दन ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसके चोटे आई है।

## जिला पंचायत की बैठक 7 मार्च को

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी के मुताबिक 22 फरवरी को होने वाली जिला पंचायत की बैठक को स्थगित कर दी गई है। अब बैठक 07 मार्च को होगी। यूपी के विधानसभा का सत्र चलने के कारण 22 फरवरी की बैठक को स्थगित किया गया है।





### राधारानी में छह माह की सेवा का प्रकरण

# कंडोलेंस के कारण अब कल होगी सुनवाई

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** विश्व विख्यात लाडलीजी महाराज मंदिर की स्व. हरवंश गोस्वामी की छह माह की सेवा के अधिकार को लेकर सिविल जज जूनियर डिवीजन छाता के आदेश के विरूद्ध अक्षय राम थोक के अन्य सेवायतों की अपील पर आज जिला जज के न्यायालय में सुनवाई होनी थी। लेकिन कोयला अलीपुर के रहने वाले अधिवक्ता पुरूषोतम लाल शर्मा के निधन पर बार एसोसिएशन ने आज कंडोलेंस घोषित कर दिया। जिससे जिला न्यायालय के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य नहीं किया। इस पर न्यायालय ने गुरुवार को सुनवाई करने का फैसला किया है।

बता दें कि विश्वविख्यात राधा रानी मंदिर (लाड़लीजी मंदिर) के सेवायत स्वर्गीय हरवंश गोस्वामी की पत्नी माया देवी की मौत के बाद तीन से चार वारिस बनने के लिए सेवायत व रिश्तेदारों ने सीनियर डिवीजन की कोर्ट में मुकदमा दायर किए। इसमें हरवंश गोस्वामी की चचेरी बहन रेवती के नाती योगेश शर्मा को सिविल जज जनियर डिवीजन छाता सत्यप्रकाश ने वारिस मानते हुए 3 जनवरी को सेवा पूजा का अधिकार देने का आदेश किया था। इस आदेश पर योगेश शर्मा तहसीलदार मनोज कुमार व पुलिस बल के साथ सेवा लेने गए। जहां सेवायत गोस्वामियों ने कड़ा विरोध किया। उसके बाद सेवायत रासविहारी गोस्वामी में डीजे आशीष गर्ग के यहां शार्ट नोटिस पर जबरन सेवा लेने का प्रार्थना पत्र दिया जिस पर जिला जज ने समस्त पत्रावलियों का अवलोकन करने के बाद यथा स्थिति का आदेश दिया था। जिला जज के इस आदेश के खिलाफ मंदिर की सेवा न मिलने पर वादी योगेश शर्मा ने हाईकोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट ने जिला जज के आदेश पर 14 फरवरी को हाईकोर्ट ने योगेश शर्मा की अपील पर हाईकोर्ट ने ट्राइल कोर्ट के आदेश को यथावत रखते हुए जिला जज से उनके कोर्ट में दायर अपील को अगली तारीख पर डिसाइड करने, और अगर इस डेट पर केस डिसाइड नहीं होता है तो दो सप्ताह में इस पर निर्णय देने के आदेश दिए है।

# जीएलए ग्रेनो कैंपस में छात्र और अभिभावकों का सम्मान



जीएलए विश्वविद्यालय में आयोजित विद्यार्थी एवं अभिभावक सम्मान समारोह के दौरान साथ हैं सीईओ नीरज अग्रवाल और अन्य पदाधिकारी।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, ग्रेटर नोएडा।** जीएलए यूनिवर्सिटी की ओर से ग्रेटर नोएडा ऑफ कैंपस में आयोजित विशेष मेंटर-मेंटी कार्यक्रम में देश की दिग्गज कंपनियों में उच्च पदों पर सेवाएं दे रहे 20 से अधिक प्रतिष्ठित अल्यूमिनाई कैंपस पहुंचे। इस पहल का उद्देश्य अल्यूमिनाई की सहभागिता को मजबूत करना और अध्ययनरत छात्रों को मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम के तहत, प्रत्येक मेंटर को एक मेंटी सौंपा गया, जिससे एक से एक प्रभावी संवाद को बढ़ावा मिला। चर्चाओं में आईटी उद्योग के वर्तमान रुझान, भविष्य की तकनीकी प्रगति और करियर विकास रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया। अध्ययनरत छात्र और उनके अभिभावकों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में अध्ययनरत मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। संवाद सत्र के दौरान शिक्षकों ने विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को उपलब्ध करायी जा रही उत्कृष्ट शिक्षा और आगामी समय में प्लेसमेंट के लिए आने वाली दिग्गज कंपनियों के बारे में जानकारी दी। अल्यूमिनाई, अध्ययनरत छात्र और उनके अभिभावकों का सम्मान करते हुए विश्वविद्यालय के सीईओ नीरज अग्रवाल ने कार्यक्रम में करियर विकास, उद्योग के रुझान और अल्यूमिनाई नेटवर्क और विश्वविद्यालय के बीच संभावित सहयोग पर मूल्यवान चर्चा की। उन्होंने अल्यूमिनाई और अध्ययनरत छात्रों की निरंतर भागीदारी की सराहना की। विश्वविद्यालय के भविष्य के दृष्टिकोण को साझा किया। उन्होंने उद्योग और अकादमिक क्षेत्र के सहयोग के महत्व को रेखांकित किया।

जीएलए ऑफ कैंपस के प्रतिकुलपति डॉ. दिवाकर भारद्वाज ने विश्वविद्यालय की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग सीनियर वाइस प्रेसीडेंट कॉरपोरेट रिलेशन जयदीप सिन्हा ने करियर के अवसरों और प्लेसमेंट रणनीतियों का उल्लेख किया। संचालन अंग्रेजी विभाग की असिस्टेट प्रो. युगा शर्मा ने किया। इस अवसर पर अल्यूमिनाई रिलेशन विभाग के वाइस प्रेसीडेंट प्रिंस वोहरा, कम्प्यूटर साइंस विभाग के एसोसिएट विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार शर्मा, डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. सचिन राठौड़, डॉ. पीपी गुप्ता, डॉ. तनुज, डॉ. भामिनी तथा अमन श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# प्रयागराज जाने वाली कुंभ स्पेशल ट्रेन 12 घंटे लेट

**यूनिक समय, मथुरा।** जंक्शन पर शाम सात बजे पहुंच रही मेला स्पेशल अब गुरूवार की सुबह छह बजे जंक्शन पहुंच कर यात्रियों को पुनः सेवा देगी। बता दे कि कुंभ मेला के लिए प्रतिदिन डेढ सौ ट्रेन प्रयागराज पहुंच रही है जिससें वहां के स्टेशन पर ट्रेन का नंबर आने में समय लगता था। रेलवे ने इस समस्या को देखते हुए जंक्शन से प्रयागराज जा रही कुंभ स्पेशल को बारह घंटे लेट कर दिया। स्टेशन डायरेक्टर एनपी सिंह ने बताया कि ट्रेन का समय परिवर्तन ट्रेनों में डिस्टेंस रखने के लिए किया गया है। कुंभ जा रही बाकी ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर चलेंगी। निजामुद्दीन से ग्वालियर जाने वाली ताज एक्सप्रेस निरस्त कर दी गई।

### ताज एक्सप्रेस भी आज निरस्त रही



### शादी समारोह से लौटते समय हादसा

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, दो युवकों की मौत

संवाददाता

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** शादी समारोह से लौटते अनियंत्रित कार पेड़ से टकराने के दौरान दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी दो अन्य घायल हो गए। दोनों घायलों का अलीगढ़ अस्पताल में उपचार के चल रहा है। थाना राया क्षेत्र के गांव बाढ़ोंन निवासी शिवम पुत्र पुरुषोत्तम उर्फ बबलू (21), रंजीत पुत्र ओमवीर (18) प्रिंस व एक अन्य युवक रवि अर्टिगा कार से हाथरस शादी समारोह में गए थे। देर रात्रि शादी से वापस लौटते समय मुरसान कोतवाली क्षेत्र के गांव दर्शना रेलवे फाटक के समीप अर्टिगा कार


पेड़ से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त कार का नजारा।

अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। इस दौरान कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार में सवार शिवम और

## परिवारों में मचा कोहराम, शव पोस्टमार्टम को भेजे

रंजीत की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। रंजीत का भाई प्रिंस और उसका दोस्त रवि घायल हो गए। सूचना पर पहुंची मुरसान पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए बांग्ला जिला अस्पताल हाथरस भेज दिया।

हालात गम्भीर होने पर एक को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज तो दूसरे घायल युवक को मथुरा अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# बीएसए के छात्र-छात्राओं ने मलिन बस्ती में निकाली रैली



महावन की मलिन बस्ती में बीएसए कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं रैली निकालते हुए।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** बीएसए कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम व द्वितीय इकाई द्वारा महावन के श्री गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन प्रथम सत्र में स्थानीय मलिन बस्ती में स्वच्छता रैली निकाली। इसमें नारों व पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। फिर मलिन बस्ती में छात्रों ने साफ-सफाई की। द्वितीय सत्र में स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. विशन दत्त, डॉ. धर्मवीर व डॉ. प्रदीप तिवारी ने कुष्ठ रोग, टीवी रोग व अन्य संचारी रोगों के निवारण व बचाव के उपाय पर विस्तार से चर्चा की। बौद्धिक

## हाथों में पोस्टर लेकर लोगों को किया सफाई के प्रति जागरूक

सत्र में दिनेश मिश्र ने कहा कि एनएसएस के शिविर अपने सेवा भाव के कारण सार्थक बने रहेंगे। प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने कहा कि एनएसएस छात्रों में सेवा भाव संगठनात्मकता व प्रबंध कौशल का भाव उत्पन्न करता है। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शांतनु, डॉ. चंचल शर्मा, डॉ. सतेंद्र त्रिपाठी ने किया। डॉ. रेखा राय, डॉ. प्रकृति उपाध्याय, डॉ. चंदेश अग्रवाल, डॉ. अनु गर्ग व रविन्द्र ने सहयोग किया।

## आज का शब्द

**Gregarious**

**क्या है ग्रेगेरियस शब्द!**

ग्रेगेरियस का मतलब होता है सामाजिक, मिलनसार और लोगों के साथ रहना पसंद करने वाला। जो व्यक्ति अकेला रहने की बजाय लोगों के साथ समय बिताने में खुश होता है, उसे ग्रेगेरियस कहा जाता है।

## कल का संभावित मौसम

**सुबह-** मथुरा में कल सुबह का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहेगा। सुबह बारिश की संभावना नहीं है और हवा की गति 6 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी।

**दोपहर-** दोपहर के समय तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहेगा। 19 किलोमीटर प्रति घंटा की हवा की गति के साथ आर्द्रता लगभग 21 प्रतिशत रहेगी।

**शाम-** शाम का तापमान 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। इस समय बारिश की संभावना नहीं है, साथ ही हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी।

**रात-** मथुरा में कल रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस और हवा की गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी।

# विद्यालयों को सुधारने में प्रधानाध्यापकों का सहयोग करें प्रधान: बीएसए


पीएम श्री विद्यालय बाटी की छात्राओं द्वारा ब्रज की होली की प्रस्तुति के दौरान ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी के अतिथि।

**यूनिक समय, मथुरा।** बीएसए कॉलेज के सभागार में मथुरा विकासखंड की "ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी, निकाय के सदस्यों एवं प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी" का आयोजन प्रो. बबीता और प्रो. मधु त्यागी की अध्यक्षता में किया । वक्ताओं ने ग्राम प्रधानों से आग्रह किया गया कि वे विद्यालयों में किये जा रहे शैक्षणिक क्रियाकलापों, सामुदायिक सहभागिता एवं विद्यालय के भौतिक परिवेश को सुधारने में प्रधानाध्यापकों का सहयोग करें, जिससे विद्यालय में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से कराया जा सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने ग्राम प्रधानों को विद्यालयों में कराए गए ऑपरेशन कायाकल्प के कार्यों के लिए आभार जताया। मुख्य

## पीएम श्री विद्यालय बाटी में ब्रज की होली की प्रस्तुति

अतिथि पी.डी. डीआरडीए इंचार्ज डीपीआरओ अरुण कुमार उपाध्याय का बीएसए ने स्वागत किया गया। ए.डी.पंचायत ललितेश शर्मा ने ग्राम प्रधानों से विद्यालयों में तथा आस पास साफ-सफाई हेतु आह्वान किया। पीएम श्री विद्यालय बाटी की छात्राओं ने ब्रज की होली पर मनमोहक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक वितरण किया। खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने आभार जताया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये। संचालन एसआरवाईजी अमित कुमार अदभुत ने किया।

## जमुनापार रेलवे ट्रैक पर मिले धड़ की शिनाख्त

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जमुना पार क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिले धड़ की शिनाख्त हो गई है। थाना यमुनापार पुलिस को सूचना मिली कि प्रताप नगर के समीप रेलवे लाइन के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत विक्षत सिर विहीन शव पड़ा है। पुलिस ने जानकारी की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी, लेकिन इसके बाद लाश का सिर चौकी बाग बहादुर इलाके में रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। इस जानकारी पर यमुनापार पुलिस को शव की शिनाख्त कराने में सफलता मिली। पुलिस ने बताया कि मृतक ज्ञानेद्र सरस्वती (90) है। वह साधु हो गए थे। उनका बेटा धर्मपाल पहले डेंगरा में रहता था। बाद में वह बल्लभगढ़ हरियाणा चला गया। डेंगरा में उनका भतीजा भी रहता है। आज प्रातः वह टहलने के लिए गए थे और उनके साथ ट्रेन से इस तरह का हादसा हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिवारीजनों को सौंप दिया है।

# महिलाओं के सशक्तिकरण को संकल्पित है मिशन शक्ति


कोसीकलां घंटाघर चौराहे पर महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत जागरूक करती महिला हैड कांस्टेबल।

संवाददाता

**यूनिक समय, कोसीकलां।** शहर में मिशन शक्ति के फेज-5 के तहत पुलिस ने बुधवार को महिलाओं, बालिकाओं को सशक्तिकरण के लिए जागरूक किया। पंपलेट बांटकर उन्हें आत्म निर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। थाने में तैनात महिला हैड कांस्टेबल सरिता ने सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ शहर के बाजारों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को पंपलेट बांटकर उन्हें जागरूक किया।

## विशेष अनुरोध

प्रिय पाठकों आपका अपना यूनिक समय भरपूर कोशिश करता है कि आपके पास दिनभर की चर्चा, परिचर्चा, गतिविधियाँ और नवीनतम खबरें आप तक पहुँचाए, लेकिन फिर भी हमसे त्रुटि रह जाती हैं। आपसे अनुरोध है कि सुधि पाठक होने के नाते आप हमें अवगत कराते रहे, जिससे हम और बेहतर खबरें आपको पढ़ाते रहे। .... धन्यवाद

-संपादक

## शराब की अवैध बिक्री करते एक व्यक्ति समेत दो बाल अपचारी गिरफ्तार

**यूनिक समय, कोसीकलां।** आबकारी विभाग और पुलिस ने दबिश देकर शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक व्यक्ति सहित दो बाल अपचारियों को शराब सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार आबकारी निरीक्षक अंजली शर्मा ने गांव फालैन में एक घर पर दबिश देकर सुदामा को अवैध शराब की बिक्री करते हुए दबोच लिया। वहीं कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज सुधीर सिंह ने दो बाल अपचारियों को बस स्टैंड से बुधवार की सुबह अवैध शराब की बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया है।






# सात से 22 मार्च तक मनाया जाएगा रंगोत्सव

## विभिन्न राज्यों के 350 कलाकार देंगे तीर्थ स्थलों पर प्रस्तुतियां

## ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने तैयारियां की तेज

## शीघ्र पूरा होगा कलाकारों व ग्रुपों का चयन

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज की होली को 350 कलाकार जीवंत करेंगे। मयूर नृत्य, फूलों की होली, चरकुला नृत्य भगवान श्रीकृष्ण-राधा की होली का आनंद देंगे। यहां की होली के आयोजन में शामिल होने के लिए देश–दुनिया के श्रद्धालु आते हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने रंगोत्सव की तैयारी शुरू कर दी है। सात से 22 मार्च तक प्रमुख होली स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। ब्रज में बसंत पंचमी से होली के आयोजन चालीस दिन होंगे। बरसाना, नंदगांव की लठामार होली, गोकुल की छड़ीमार द्वापरयुग में ले जाती हैं। श्रद्धालु सुधबुध खोकर होली का मजा लेते हैं। होली में चार चांद लगाने को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा आयोजित होने वाले रंगोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ एसबी सिंह ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए 33 ग्रुप बनाए गए हैं। इनमें पांच से सात कलाकार होंगे। करीब 200 कलाकार होंगे। 12 स्ट्रीट परफोर्मर ग्रुप होंगे। इसमें भी करीब 150 कलाकार होंगे। हरियाणा, राजस्थान, झांसी के कलाकार बुलाने पर मंथन चल रहा है। ब्रज के कलाकारों को ज्यादा अवसर दिया जाएगा।

कलाकारों के चयन की प्रतिक्रिया शीघ्र पूरी कर ली जाएंगे। रंगोत्सव का विशेष आयोजन बरसाना के राधा बिहारी इंटर कॉलेज के मैदान में सात व आठ मार्च को दो दिन होगा।

### मथुरा में होलिका दहन 13 को, धुल्हैड़ी 14 को

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज में होलिका दहन 13 मार्च की देर रात होगा। 14 मार्च को धुल्हैड़ी होगी। ज्योतिषाचार्य कामेश्वर चतुर्वेदी ने बताया कि 13 मार्च को होलिका दहन के दो मुहूर्त हैं। पहला मुहूर्त शाम 6.30 है और दूसरा रात 11.30 बजे होगा। 14 मार्च को धुल्हैड़ी का पर्व मनाया जाएगा। मथुरा– वृंदावन के साथ ही जिले के अन्य स्थानों पर मंदिरों में 14 मार्च को धुल्हैड़ी के दिन रंग गुलाल व धूल से होली खेली जाएगी। बरसाना के राधारानी मंदिर, नंदगांव के नंदबाबा मंदिर, गोवर्धन के मंदिरों के साथ ही श्रीकृष्ण जन्मस्थान, ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर के साथ ही प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर में 14 मार्च को ही धुल्हैड़ी मनाई जाएगी।

# पुलिस ने दो बाइक चोर दबोचे, एक दर्जन बाइक बरामद

**यूनिक समय, वृंदावन।** वृंदावन कोतवाली पुलिस ने नई बाइक चलाने वाले शौकीन युवाओं की डिमांड पर चोरी करने वाले दो बाइक चोरों को एक दर्जन से अधिक चोरी की बाइकों के साथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार देर रात्रि वृंदावन पुलिस को खास मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोर चोरी की हुई मोटर साइकिल से सौ फुटा पुल के नीचे से गुजर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वह भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने नाकाबंदी कर दोनों को दबोच लिया। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने धौरेरा स्थित गौ ग्राम की झाड़ियों से एक दर्जन चोरी की बाइक बरामद की है। पकड़े गए चोरों ने पुलिस पूछताछ में अपने नाम तारीफ पुत्र भव्वल व शौकीन पुत्र गुट्टन निवासी ग्राम हथिया थाना बरसाना बताए। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी, निरीक्षक (अपराध) धर्मेंद्र सिंह, उप निरीक्षक हरीश चौधरी, शिव शरन सिंह,आशीष कुमार, दुष्यंत कौशिक, हैड कास्टेबल जिनेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार तथा कास्टेबल पुष्पेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

## पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी को किया गिरफ्तार

**यूनिक समय, कोसीकलां।** पुलिस ने शराब के मामले में फरार चल रहे एक वारण्टी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अजित सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक प्रदीप कुमार को बुधवार की सुबह सूचना मिली कि शराब के मामले में फरार चल रहा वारण्टी सोनू पुत्र राजकुमार, निवासी भातू कॉलोनी, कोसीकलां कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। जो कि लंबे समय से कोर्ट में पेश नहीं हुआ। इस पर कोर्ट ने इसके खिलाफ गैर जमानती वांरट जारी किए हैं। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया।




# सवर्ण बालिका को करायें मुक्त, अपहरणकर्ताओं पर हो कार्रवाई

## सवर्ण आर्मी ने मुख्यमंत्री के नाम डीएम को ज्ञापन दिया



सवर्ण आर्मी के पदाधिकारी जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन देने के बाद।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** बुधवार को सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। इसमें प्रतापगढ़ जनपद में सवर्ण समाज की बालिका का अपहरण दलित समाज के युवकों द्वारा किए जाने का विरोध करते हुए बालिका को मुक्त कराने की मांग की और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए आवाज उठाई गई। सवर्ण आर्मी के प्रदेश सचिव चंद्र प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पर मुख्यमंत्री के नाम जिला अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को ज्ञापन दिया। प्रदेश सचिव ने बताया कि जनपद प्रतापगढ़ में सर्वण समाज की एक बच्ची का दलित युवक द्वारा अपहरण कर लिया गया है। बच्ची के परिजनों ने स्थानीय थाने में इसकी शिकायत दी लेकिन उस पर कोई सुनवाई अभी तक नहीं हो सकी। जब इसकी आवाज सवर्ण समाज के लोगों ने उठाई तो स्थानीय पुलिस द्वारा सवर्ण समाज के लोगों पर उल्टा मुकदमा दर्ज कर दिया गया। इसके विरोध में सवर्ण समाज प्रदेश भर के सभी जनपदों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जा रहा है। ज्ञापन देने वालों में इस दौरान जिला अध्यक्ष लोकेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष दिनेश तिवारी, सोनू शर्मा एवं रामेश्वर दयाल आदि शामिल थे।



# शहर की घनी आबादी में लगे मोबाइल टावर में लगी आग

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर की घनी आबादी चूना कंकड़ इलाके की सकरी गली में लगे मोबाइल टावर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से इलाके में हड़कंप मच गया। लोग अपने घरों में कैद हो कर रह गए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू किया। मोबाइल कंपनी के अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंच कर आग लगने का कारण और आग से हुए नुकसान का जायजा लिया।

शहर के बंगाली घाट इलाके में चूना कंकड़ मौहल्ले की होली वाली गली में एक खाली प्लॉट के अंदर मोबाइल कंपनी का टावर लगा हुआ है। आज प्रातः करीब नौ बजे टावर से उठने वाले काले धुंए को देख कर इस इलाके में



शहर की घनी आबादी में लगे मोबाइल कंपनी के टावर में लगी आग का नजारा।

### आग लगने से इलाके में रहने वाले लोगों में मचा हड़कंप

### फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर किया काबू

### मोबाइल कंपनी के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे

रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही मोबाइल टावर धूं-धूं कर जलने लगा। टावर में लगी आग को देख कर इस इलाके में रहने वाले लोगों में किसी बड़े हादसे के डर से दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। बताया गया कि मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम को आग बुझाने में गली पतली होने के कारण काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। फायर ब्रिगेड द्वारा टावर में लगी आग को बुझाने के बाद ही स्थानीय लोगों ने चेन की सांस ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि टावर में लगी आग की सूचना मिलने के बाद मोबाइल कंपनी के अधिकारी ने भी घटनास्थल पर आकर आग लगने का कारण और आग से हुए नुकसान के बारे में जांच की। आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# नगर निगम की सीलिंग कार्यवाही से बचने के लिए बकाएदारों ने कर जमा कराया

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम की सीमा में रह रहे लोगों पर बुधवार को कर टैक्स समय से जमा ने कराने वाले के खिलाफ नगर आयुक्त के निर्देशानुसार कर के बड़े बकायेदारों से गृहकर/जलकर की वसूली हेतु कुर्की/सीलिंग की कार्यवाही की गयी। कार्यवाही में बालाजीपुरम पुरूषोत्तम पर रू 76,000/– बकाया चल रहा था। सीलिंग की कार्यवाही से बचने के लिये बकाया धनराशि नकद जमा करायी गया। नवादा स्थित मक्खन सिंह ने भी सीलिंग की कार्यवाही से बचने के लिये पूर्ण बकाया धनराशि रू 66,000 नकद जमा कराया। साथ ही हारून भवन पर चल रही बकाया धनराशि रू 36,000/– जमा करायी गयी। कार्यवाही के दौरान अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेन्द्र सिंह यादव, कर अधीक्षक ब्रज कुमार, राजस्व निरीक्षक जीशान एवं क्षेत्र के कर संग्राहक व नगर निगम की प्रवर्तन टीम, क्षेत्रीय पुलिस बल उपस्थित रहा।

# बाइक सवार तीन युवकों की मौत

संवाददाता

### पलवल से कामां के पास शादी में जा रहे थे

**यूनिक समय, बरसाना।** पलवल हरियाणा से बाइक पर सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे फुफेरे भाई के साथ जा रहे मामा के दो लड़कों की नंदगांव कामा मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। मिले आधार कार्ड से पुलिस ने युवकों की शिनाख्त होने पर परिजनों को सूचना दी गई। बुधवार को तड़के तीन बजे पलवल से अपने फुफेरे भाई काडोना कोसीकलां निवासी युवक सुनील को साथ लेकर मामा के दो लड़के यश व विशाल बाइक से राजस्थान के नदवई के गांव भदीरा में शादी समारोह में भाग लेने जा रहे थे। वह नंदगांव पुलिस चौकी के कामां बॉर्डर पर पहुंचे तो सामने से अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवकों की मौत हो गई। एक्सीडेंट की सूचना पर चौकी इंचार्ज राहुल सिंह घटना स्थल पर पहुंचे तो तीनों युवकों को इलाज के लिए केडी मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

डॉक्टरों ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल ने बताया कि पुलिस ने मृतकों के पास मिले कागजों के आधार पर उनके परिजनों को सूचना भिजवाई। परिजनों को युवकों की मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया।

# कुंभ मेला क्षेत्र में खेती करने वाले किसानों का प्रदर्शन



नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन करते कुंभ मेला क्षेत्र के किसान।

**यूनिक समय, वृंदावन।** कुंभ मेला क्षेत्र में वर्षों से खेती बाड़ी करते चले आ रहे किसानों ने बुधवार को नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। गुस्साए किसानों का आरोप है कि वह वर्षों से कुंभ मेला क्षेत्र में खेती करते चले आ रहे हैं, लेकिन कुंभ क्षेत्र के संरक्षित होने के बाद उन्होंने खेती करना तो बंद कर दिया है, लेकिन उनके पशु आज भी इस भूमि पर बनी झुग्गी झोपड़ियों रहते है। कुछ दिनों से नगर निगम के कुछ लोग उन्हें भूमि को खाली करने के लिए धमका रहे है। पूर्व में भी कुछ भूमाफियों ने साठ गांठ कर उक्त जमीन पर कब्जा कर लिया था, लेकिन जैसे ही प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने उक्त जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया। उन्हें ऐसा प्रतीत हो रहा है कि एक बार फिर भूमाफिया उक्त जमीन को कब्जाने की फिराक में है। उन्होंने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है। प्रदर्शन करने वालो में मुकेश निषाद, धर्मेंद्र, गोविंदा, देवेंद्र, सुदर्शन, दान बिहारी, विष्णु, मेघश्याम, भूरा, कुंजी, बिमला देवी, किरन देवी तथा चंद्रवती, आदि शामिल थे।

### प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान

# पांच किलो पॉलीथिन जब्त, 59 सौ रुपये का जुर्माना वसूला



**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर पालिका की टीम ने शहर में प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। अलग–अलग दुकानों से पांच किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी निहाल सिंह के निर्देशन में खाद्य एवं सफाई निरीक्षक राजीव यादव ने टीम के साथ बुधवार को शहर के बाजारों में प्रतिबंधित पॉलीथिन की रोकथाम के लिए अभियान चलाया। सूचना पर दुकानदारों में खलबली मच गई। अलग–अलग दुकानों से पांच किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त करते हुए 59 सौ रुपये जुर्माना जमा कराया। साथ ही दुकानदारों, ठेले वालों के साथ पॉलीथिन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। दुकानदारों से अपील की कि शासन द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलीथिन का प्रयोग, भंडारण न करें। साथ नगर पालिका को पॉलीथिन मुक्त करने में सहयोग करें। अभियान में राजस्व लिपिक सूरजपाल सिंह, टीएस अनिरुद्ध सिंह, लिपिक श्याम सुंदर, टीसी सुशील कुमार, राजु, दीपक तथा चेतराम आदि शामिल थे।

# ट्रक–टाटा मैजिक की टक्कर में तीन की मौत

**यूनिक समय, आगरा।** थाना खंदौली क्षेत्र के पीली पोखर में बुधवार सुबह टाटा मैजिक और ट्रक के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। चार लोग घायल हो गए। टाटा मैजिक में सवार लोग धौलपुर से शादी समारोह से कैटरिंग का सामान लेकर अलीगढ़ जा रहे थे। सभी हरियाणा के रहने वाले थे। मरने वाले एक व्यक्ति की पहचान मंदीप के रूप मे हुई है। दो अन्य की पहचान के प्रयास किए जा रहे है। जानकारी के अनुसार सुबह आगरा की ओर से टाटा मैजिक अलीगढ़ की तरफ जा रही थी। इसी दौरान सादाबाद की ओर से आते तेज रफ्तार ट्रक ने टाटा मैजिक को टक्कर मार दी। गाड़ी के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। टक्कर से टाटा मैजिक में सवार लोगों की चीखें सुनकर राहगीरों ने उसमें फंसे लोगो को बाहर निकाला।

तब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी थी। घायलों को पुलिस ने एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार मरने वालें तीन लोगों में मंदीप की पहचान हो सकी है। घायलों के नाम पवन सिंह, अमन निवासी बलरामपुर थाना सेक्टर 21 जिला कैथल हरियाणा और दीपक व एक अज्ञात है। हादसे में घायल हुए लोग कैटरिंग का काम करते हैं। तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया गया है।

# ब्रज के पांच कुंडों को दिया जाएगा प्राचीन स्वरूप

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद अब गोकुल, वृंदावन और नंदगांव के पांच प्राचीन कुंडों को उनका मूल स्वरूप प्रदान करने जा रहा है। यहां इन कुंडों का सौंदर्यीकरण करते हुए जैविक प्रकिया के तहत गंदे पानी का शोधन भी किया जाएगा। ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं और ब्रज परिक्रमा लगाने वाले परिक्रमार्थियों को आचमन लेने को शुद्ध जल मिल सके। ब्रज तीर्थ विकास परिषद के प्रयासों से कुंडों के सौंदर्यीकरण की इस परियोजना पर करीब पांच करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसका प्रारंभ श्रीकृष्ण की बाल क्रीड़ा स्थली गोकुल स्थित अष्टसखी कुंड से किया गया है। उसका निरीक्षण आज परिषद के सीईओ ने किया। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि गोकुल में यमुना किनारे ठकुरानी घाट



गोकुल के अष्टसखी कुंड का निरीक्षण करते उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह।

### जैविक प्रक्रिया से गोकुल, नंदगांव और सुनरख के कुंडों का जल होगा शोधित

### पुणे की संस्था ग्रीन वॉटर रिवोल्यूशन कर रही है कार्य

### अष्टसखी कुंड गोकुल का किया ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ ने निरीक्षण

और मुरली घाट के मध्य अष्टसखी कुंड है, जो अब तक कीचड़ से भरा रहता है। गोकुल के एक हिस्से का गंदा पानी भी इस स्थान पर एकत्रित होता है। अब इसके सौंदर्यीकरण की प्रकिया उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने शुरू कर दी है। यहां इससे सिल्ट निकाली जा रही है। सीईओ ने बताया कि इसके बाद अष्टसखी घाट कुंड को प्राचीन स्वरूप के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इस पर पुणे की संस्था ग्रीन वॉटर रिवोल्यूशन प्रालि काम कर रही है। यहां इस परियोजना के तहत सिविल वर्क के अलावा जैविक प्रक्रिया के तहत कुंडों का जल शोधन किया जाएगा। इसके लिए कुंडों में ग्रीन ब्रिज बनाए जाएंगे, जिनमें बालू, पत्थर, वेक्टेरिया, खाद और पौधों का उपयोग होगा। इसके तहत कुंडों तक पहुँचने वाला गंदा पानी शोधित होगा। उन्होंने बताया कि गोकुल में अष्टसखी के अलावा वृंदावन सुनरख स्थित सौरभि कुंड, कोसी ड्रेन और नंदगांव स्थित ललिता कुंड और वृंदा कुंड का सौंदर्यीकरण भी शामिल है। इस दौरान पर्यावरण विशेषज्ञ मुकेश शर्मा एवं रामवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# फिल्मी अंदाज में वकील के घर हुई लूट का नहीं लगा सुराग

**यूनिक समय, कोसीकलां (मथुरा)।** गोपाल नगर इलाके में बदमाशों द्वारा फिल्मी स्टाइल में वकील के घर की गई लूट की वारदात से इलाके में सनसनी फैली हुई है। पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए कस्बे के सीसीटीवी खंगाल रही है, लेकिन पुलिस को अभी तक इसमें सफलता नहीं मिली है। गौरतलब है कि कल सायं करीब आठ बजे गोपालनगर निवासी वकील ओमप्रकाश के आवास पर बाइक सवार दो युवक मिठाई का डिब्बा लेकर आए। घर का दरवाजा खुलवाया और मिठाई की डिब्बा देने के बहाने अंदर घुस गए। बदमाशों ने तमंचे व चाकू का भय दिखा कर वकील की पत्नी के जेवरात उतरवा लिए और फरार हो गए। इस सनसनीखेज वारदात में शामिल लुटेरों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के अलावा बाजार के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकाल रही है जिससे कि बाइक से जाते बदमाशों का कुछ पता लग सके, लेकिन पुलिस को अभी इस मामले में सफलता हाथ नहीं लगी है। थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत का कहना है कि बदमाशों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# योगी सरकार के बजट पर ब्रजवासियों की निगाहें

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली यूपी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की ओर ब्रजवासियों की निगाहें लगी हैं। वह कल विधानसभा में वर्ष 25-26 का बजट पेश करेंगे। मथुरा के उद्यमी हो या युवा अथवा किसान या महिलाएं। सभी को बजट से कुछ न कुछ आस है। इसकी वजह भी है कि मथुरा से भाजपा की सांसद हेमामालिनी हैं और मथुरा संसदीय क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों मथुरा-वृंदावन, छाता, गोवर्धन, गोकुल एवं मांट से भाजपा की टिकट पर जीते विधायक हैं। जिला पंचायत,

## वित्त मंत्री सुरेश खन्ना कल करेंगे बजट पेश

नगर निगम मथुरा–वृंदावन, कोसीकलां नगर पालिका परिषद में भाजपा के चेयरमैन हैं। इसी तरह नगर पंचायतों में भी भाजपा का दबदबा है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा को भारी जीत दिलाने वाले मतदाताओं को कल पेश किए जाने वाले बजट से भारी उम्मीद हैं। हो भी क्यों कि अगले साल वर्ष 2026 पंचायत चुनाव का बिगुल बजने वाला और वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसी स्थिति में योगी सरकार का कल आने वाला बजट काफी मायने रखता है। सबसे महत्वपूर्ण तो छाता चीनी मिल है। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव से पहले योगी सरकार ने छाता चीनी मिल चालू कराने के लिए कई करोड़ रुपये का प्रावधान किया था और चुनाव जीतने के बाद सरकार ने मथुरा जिले के गन्ना किसानों का दिल जीतने के लिए चीनी मिल जल्द चालू कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब लोकसभा चुनाव के बाद वर्ष 2025 आ गया, लेकिन किसान कहते हैं कि छाता चीनी मिल की अभी तक शुरुआत नहीं हुई। सिर्फ कागजों में कार्यवाही चल रही है।

## फरह में होली पर सार्वजनिक जगहों पर नहीं बजेंगे डीजे

**यूनिक समय, फरह।** होली पर चौराहे या सार्वजनिक जगहों पर डीजे नहीं बज सकेंगे। न ही डीजे संचालक होली पर डीजे या अन्य तेज साउन्ड सिस्टमों को किराये पर देंगे। अगर संचालक ऐसा करते हैं तो पुलिस डीजे संचालक के खिलाफ कार्यवाही करेगी। महाशिवरात्रि और होली को लेकर थाना फरह में आयोजित बैठक में सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा ने यह दिशा निर्देश दिये। एसडीएस सदर वैभव गुप्ता ने भी सभी ग्राम प्रधानों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक करते हुये पूर्व के वाद विवादों की जानकारी ली। साथ ही सभी से आगामी त्यौहारों को शान्ति एवं सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील की। बैठक के बाद एसडीएम सदर और सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा, थानाध्यक्ष संजय पाण्डेय ने अन्य पुलिस बल के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च भी किया।

# टैक्स बार एसोसिएशन यूथ के पदाधिकारियों ने ली शपथ



शपथ लेते नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** टैक्स बार ऐसोसिएशन यूथ का 12वां शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय होटल में हुआ। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन के संस्थापक अध्यक्ष हर्ष शर्मा एडवोकेट संस्थापक विशिष्ट अतिथि उपकास के महामंत्री प्रेम सुंदर उपाध्याय थे। 2025-26 नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष आशीष कुमार लवानिया, महामंत्री शेखर शर्मा, कोषाध्यक्ष शुभम शर्मा, उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता, उपाध्यक्ष सागर बंसल, संयुक्त सचिव गोविंद सोलंकी, संयुक्त सचिव मृदुल मोहन मित्तल लाइब्रेरी सेक्रेटरी रवि कांत वार्ष्णेय और विकास बंसल ऑडिटर तपिश अग्रवाल ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। संचालन गौरव अग्रवाल एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम के संयोजक उमेश अग्रवाल, नटवर वशिष्ठ, अमित सक्सेना, मोहित खंडेलवाल, आशीष कृष्ण शर्मा, मोहित गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# मंदिर जा रही महिला को ट्रक ने टक्कर मारी, मौके पर मौत

**यूनिक समय, आगरा।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें मंदिर में पूजा करने जा रही एक महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई, और गुस्साए परिजनों ने हंगामा कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। सीतानगर, रामबाग निवासी किरन देवी (45) प्रतिदिन की तरह बुधवार सुबह 7 बजे प्रकाश नगर स्थित मंदिर में पूजा करने जा रही थीं। जब वे नुनिहाई रोड पर पहुंचीं, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि किरन देवी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। किरन देवी की मौत की खबर मिलते ही उनके परिजन और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। हंगामा करने लगे। वे ट्रक चालक की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना एत्माद्दौला पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने की कोशिश की। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए किरन देवी की मौत से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पति बहादुर सिंह और उनके बच्चे सदमे में हैं और रो–रोकर बेहाल हैं। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

# जेसीआई कालिंदी की सदस्यों ने की एंड का थीम पर किया धमाल


जेसीआई कालिंदी के कार्यक्रम में शामिल सदस्य।

**यूनिक समय, मथुरा।** जेसीआई कालिंदी के बैनर तले स्थानीय होटल में की एंड का थीम पर कपल प्रोग्राम विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ मनाया। कार्यक्रम में ममता अग्रवाल, पवन अग्रवाल ने महिलाओं को समयबद्धता के कई तरह के गेम्स आयोजित कराए गए। कविता तथा विनीता जीता। कोषाध्यक्ष अंजलि खंडेलवाल ने साल 2024 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में रूमा अग्रवाल, रश्मि शोरा, अल्का अग्रवाल, अल्का प्रेस, मिताली फौजदार, ज्योति मित्तल, सीमा जैन, कविता, पवन अग्रवाल, अक्षय खंडेलवाल तथा विजय शोरा आदि मौजूद थी।

# छात्राओं ने जागरूकता रैली से स्वच्छता का दिया संदेश


शिविर में शामिल छात्राएं।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** किशोरी रमण महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का आयोजन गायत्री तपोभूमि पर 13 से 19 फरवरी तक किया गया। समापन पर छात्राओं ने गायत्री तपोभूमि से विश्राम घाट तक जागरूकता रैली निकाली। छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण के लिए लोगों को जागरूक किया। स्वच्छता का संदेश देते हुए विश्राम घाट की सफाई की। प्राचार्या प्रो. लकी गुप्ता ने स्वच्छता का महत्व समझाया। विश्राम घाट से रैली होली गेट होते हुए कॉलेज पहुंची। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक और दो की योजना अधिकारी क्रमशः डॉ. रितु सुरेश और डॉ. ज्योतेष चौहान ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्रीमती मुनेश देवी का भी सहयोग रहा।

# सिम्स हॉस्पिटल में छह साल के बच्चे की किडनी का इलाज


काव्यांश अपने पिता और डॉक्टर के साथ।

**यूनिक समय, मथुरा।** सिम्स हॉस्पिटल में छह साल की एक बालिका का किडनी का सफल इलाज हुआ है। नोएडा निवासी 6 वर्षीय काव्यांश की किडनी ने काम करना बंद कर दिया। हीमोग्लोबिन 4 हो गया और पेशाब भी नहीं आ रहा था। पिता अपनी बेटी काव्यांश को लेकर सिम्स हॉस्पिटल आये। वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. आशीष शर्मा ने बेहतर इलाज करते हुए बेटी को ठीक कर दिया है। अब बेटी का हीमोग्लोबिन बढ़ गया है, और इसका क्रिएटिनिन कंट्रोल में आ गया। सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के नेफ्रोलॉजी विभाग के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ सलाहकार डॉ. आशीष शर्मा ने कहा कि नोएडा निवासी 6 वर्षीय काव्यांश अब ठीक है। सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि सिम्स हॉस्पिटल में हर तरह के किडनी रोग का सर्वश्रेष्ठ इलाज किया जाता है।

# निरंजन सिंह जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने


निरंजन सिंह धनगर को सहकारी बैंक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर बधाई देते लोग।

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर को जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष के पद की नई जिम्मेदारी दी गई है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि श्री धनगर को उपाध्यक्ष बनने से मथुरा के जिला सहकारी बैंक को बैंकिंग क्षेत्र में एक नयी पहचान मिलेगी। इसकी खबर मिलते ही जिले के सहकारी बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों और सहकारिता क्षेत्र से जुड़े लोगों के द्वारा बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। स्वागत करने वाले भूपेंद्र सिंह, रामनाथ, कुरूक्षेत्र सिंह, प्रशांत यादव, भरत लाल एवं पुरूषोत्तम नारायण शुक्ला आदि लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# आरआईएस के बच्चों ने कला–विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाया हुनर

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा छठवीं से नवीं एवं ग्यारहवीं कक्षा के छात्र–छात्राओं ने अपने-अपने विषयों से सम्बन्धित ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा और हुनर की बानगी पेश की। प्रदर्शनी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) नवप्रीत कौर एवं प्रो. (डॉ.) सुषमा ने किया। कला प्रदर्शनी की बात करें तो इसके अंतर्गत छात्र–छात्राओं ने लोक–कला, छवि–चित्र, कम्पोजिशन, वस्तु–चित्र और प्रकृति–चित्रों को सुंदर व आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। विज्ञान एवं कला का अदभुत संगम एक ही छत के नीचे देखकर अतिथि ही नहीं अभिभावक भी अभिभूत हो गए। निर्णायक मंडल में डॉ. नवप्रीत कौर एवं डॉ. सुषमा शामिल थे। उन्होंने प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।


बच्चों के तैयार मॉडल देखतीं मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) नवप्रीत कौर एवं प्रो. (डॉ.) सुषमा।

## विजेता छात्र–छात्रा किए सम्मानित

आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने छात्र–छात्राओं के बौद्धिक प्रयासों की सराहना की। प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल ने कहा कि यह प्रदर्शनी छात्र-छात्राओं की बौद्धिक कुशलता तथा कई दिनों की मेहनत का सुफल है। शैक्षिक संयोजिका प्रिया मदान ने छात्र–छात्राओं को उत्कृष्ट मॉडल तैयार करने तथा विजेता-उपविजेता का पारितोषिक हासिल करने के लिए बधाई दी।

# ट्रेन में यात्रियों से नेग मांगने पर तीन किन्नर गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** आरपीएफ ने ट्रेन में यात्रियों से जबरन नेग मांगने के आरोप में तीन किन्नरों को गिरफ्तार किया है। मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर आज तीन किन्नर ट्रेन में यात्रियों के साथ नेग मांगने को लेकर जोर जबर्दस्ती कर रहे थे। स्टेशन पर मौजूद आरपीएफ के जवानों ने किन्नरों को यात्रियों के साथ इस तरह से जोर जबर्दस्ती करने से मना किया। आरपीएफ के जवानों से भी किन्नर अभद्रता करने लगे। इस पर तीनों किन्नरों को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर लिया।

# भूल से भी एक साथ न खाएं ये फल, सेहत को होगा नुकसान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** केला एक सुपरफूड है और हर किसी को इसे खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन आपको इसे कभी भी अमरूद के साथ नहीं खाना चाहिए। दरअसल, ये दोनों मिलकर आपके पेट में कुछ ऐसी प्रतिक्रिया करते हैं, जिससे आपको मतली, सिरदर्द और सूजन की समस्या हो सकती है।



फलों का सेवन सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। हर किसी को दिन में कम से कम दो बार मौसमी फलों का सेवन करने की सलाह दी जाती है। अमूमन लोग फलों को कई अलग–अलग तरीकों से खाना पसंद करते हैं। मसलन, कुछ लोगों को फलों की चाट खाना अच्छा लगता है और इसलिए वे एक साथ कई फलों को काटकर उसका सेवन करते हैं। हालांकि, इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन क्या आपको पता है कि ऐसे कई फल है, जिन्हें अगर एक साथ लिया जाता है तो ये आपकी सेहत पर नेगेटिव असर डाल सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ फलों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें एक साथ खाना आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है–

**अमरूद और केला :** केला एक सुपरफूड है और हर किसी को इसे खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन आपको इसे कभी भी अमरूद के साथ नहीं खाना चाहिए। दरअसल, ये दोनों मिलकर आपके पेट में कुछ ऐसी प्रतिक्रिया करते हैं, जिससे आपको मतली, सिरदर्द और सूजन की समस्या हो सकती है। इसलिए, आप इन दोनों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं, लेकिन इन्हें अलग–अलग समय पर ही खाएं।

**सेब और आड़ू:** सेब के साथ आड़ू का सेवन करना अच्छा नहीं माना जाता है। इससे टॉक्सिसिटी का रिस्क काफी बढ़ जाता है। दरअसल, इन दोनों फलों में अलग–अलग तरह की शुगर और फाइबर पाया जाता है, जिसकी वजह से पेट में गैस बनने की शिकायत हो सकती है या फिर पेट में दर्द व तकलीफ हो सकती है। पेट में फर्मेंटेशन की वजह से आपको भारीपन या ब्लोटिंग का अहसास हो सकता है।

**पपीता और नींबू :** कुछ लोगों की यह आदत होती है कि वे पपीता काटने के बाद उस पर नींबू का रस छिड़ककर खाते है। जबकि आपको ऐसा करने से बचना चाहिए।

पपीते के साथ नींबू का सेवन करना अच्छा नहीं माना जाता है। यह हीमोग्लोबिन के लेवल को प्रभावित कर सकता है और रक्त संबंधी समस्याओं का कारण बन सकता है। खासकर गर्भवती महिलाओं को तो यह गलती बिल्कुल नहीं करनी चाहिए।

## 40 की साल की उम्र में महिलाएं जरूर करें ये योगाभ्यास



अंजलि ठाकुर

**यूनिक समय, मथुरा।** उम्र बढ़ने के साथ ही महिलाओं को कमजोरी, थकान और हड्डियों में दर्द से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। इसके अलावा, 40 की उम्र के बाद त्वचा पर झुर्रियां और फाइन लाइन्स नजर आना भी एक सामान्य बात है। ऐसे में महिलाएं हेल्दी रहने के लिए योगाभ्यास कर सकती हैं।

उम्र बढ़ने के साथ शरीर में कई तरह के बदलाव होने लगते हैं। एक्सपर्ट कहते हैं कि 30 की उम्र के बाद बोन डेंसिटी कम होने लगती है। ऐसे में खासकर, महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखना चाहिए। 40 की उम्र में आते–आते जोड़ों में अकड़न, मांसपेशियों में कमजोरी और मानसिक थकान जैसी समस्याएं आम होती हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए योग एक बेहतरीन तरीका है। योगासन शरीर का लचीलापन बढ़ाने, मानसिक शांति पाने और हेल्दी रखने के लिए सहायक होते हैं। ऐसे में आइए जानते कि 40 साल की उम्र में महिलाओं को कौन–कौन से योगाभ्यास करने चाहिए। वहीं, योगाभ्यास स्ट्रेस को मैनेज करने में भी फायदेमंद है।

**ताड़ासन:** ताड़ासन पूरे शरीर को खींचने और मजबूत करने के लिए बेहतरीन है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर में लचीलापन बढ़ता है और शरीर के ऊपरी हिस्से को ताकत भी मिलती है। ताड़ासन रीढ़ की हड्डी को सीधा करता है और पेट की मांसपेशियों को मजबूत करता है। इसे करने के लिए–

**सीधे खड़े हो जाएं और पैरों को थोड़ा अलग रखें**

अब दोनों हाथों को ऊपर की ओर खींचें और उंगलियों को एक–दूसरे से जोड़ते हुए शरीर को खींचे। सिर और गर्दन को सीधा रखें और ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी रहे। 20–30 सेकंड तक इस स्थिति में बने रहें और फिर धीरे–धीरे सामान्य स्थिति में लौटें।

**वृक्षासन :** यह शारीरिक और मानसिक संतुलन में सुधार लाता है और एकाग्रता को बढ़ाता है। यह कमर, जांघ और कूल्हे की मांसपेशियों को मजबूत करता है। सीधे खड़े हो जाएं और एक पैर को घुटने से मोड़कर दूसरे पैर के जांघ पर रखें। दोनों हाथों को ऊपर की ओर मिलाकर प्रार्थना की मुद्रा में रखें। ध्यान केंद्रित करें और 20–30 सेकंड तक इस स्थिति में बने रहें।

**भुजंगासन:** भुजंगासन रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाने और पेट की मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद करता है। यह विशेष रूप से पीठ दर्द के लिए फायदेमंद है। यह पेट की मांसपेशियों को टोन करता है और शरीर में ऊर्जा का संचार बढ़ाता है। यह तनाव कम करने में फायदेमंद है।

**पेट के बल लेट जाएं और पैरों को आपस में सटाकर रखें**

दोनों हाथों को कंधों के नीचे रखें और धीरे–धीरे धड़ को ऊपर की ओर उठाएं। सिर को सीधा रखते हुए, छाती और पेट को ऊपर की ओर उठाने की कोशिश करें। 15–20 सेकंड तक इस स्थिति में बने रहें और फिर सामान्य स्थिति में लौटें।

## ब्रेकफास्ट में बनाना चाहते हैं खिला-खिला पोहा

# तो ट्राई करें ये रेसिपी, चखते ही खुल जाएंगे सारे टेस्ट बड्स



ममता सिंह

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत में कई लोग ब्रेकफास्ट में पोहा खाना पसंद करते हैं। अगर आपको भी पोहा खाना अच्छा लगता है, तो आपको कम से कम एक बार पोहे की इस रेसिपी को जरूर फॉलो करके देखना चाहिए।

ब्रेकफास्ट में पोहा बनाकर खाना एक हेल्दी ऑप्शन साबित हो सकता है। लेकिन अक्सर पोहा खिला–खिला नहीं बन पाता है। पोहा बनाने के लिए आपको 400 ग्राम पोहा, 2–3 मीडियम साइज्ड प्याज, एक–चौथाई कप कच्ची मूंगफली, एक स्पून जीरा, एक छोटी स्पून राई, नमक, आधी स्पून चीनी, 4 बड़ी स्पून तेल, चुटकी भर हींग, 6 करी पत्ते, 6 बारीक कटी हुई हरी मिर्च, आधी स्पून हल्दी पाउडर, एक स्पून नींबू का रस और 2 बड़ी स्पून बारीक कटे हुए हरे धनिए की जरूरत पड़ेगी।

पोहा बनाने के लिए पोहे को एक छलनी में निकालकर अच्छी तरह से धो लीजिए। पोहे में नमी होनी चाहिए लेकिन खिला–खिला पोहा बनाने के लिए पोहे को मसलने से बचें।

अब एक पैन में तेल डालकर गर्म कर लीजिए। इसके बाद गर्म तेल में मूंगफली डालकर अच्छी तरह से भून लीजिए।

इसके बाद बचे हुए तेल में जीरा और राई डालकर इन्हें भी भून लीजिए। जब जीरा–राई भुन जाए, तब हींग, करी पत्ता और बारीक कटे हुए प्याज को डालकर भून लें। आखिर में पैन में हल्दी और हरी मिर्च को डालकर भी भून लीजिए। अब आपको पैन में थोड़े–थोड़े पोहे को बिखेरते हुए डालना है, जिससे पोहा खिला–खिला बन पाए।

सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद आपको पोहे में नमक और चीनी भी एड करनी है। पोहे के टेस्ट को बढ़ाने के लिए आपको इसमें नींबू का रस, मूंगफली और बारीक कटा हुआ हरा धनिया भी मिक्स कर लेना चाहिए। पोहे को अच्छी तरह से चला लीजिए और फिर लगभग दो मिनट तक इसे कुक कर गैस बंद कर दीजिए।

आप पोहे को चाय के साथ सर्व कर सकते हैं। यकीन मानिए ये ब्रेकफास्ट रेसिपी आपकी वन ऑफ द फेवरेट रेसिपीज की लिस्ट में शामिल हो सकती है।

# किन्नौर की वो जगह जिसे माना जाता है हिमाचल का सबसे खूबसूरत गांव

नितेश खण्डेलवाल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अगर आप भीड़भाड़ वाली जगहों को घूमते–घूमते बोर हो गए हैं और कोई ऑफबीट स्पॉट देख रहे हैं, जहां आप रिलैक्सिंग वेकेशन बिता सकें तो किन्नौर जिले में हिमाचल प्रदेश का सबसे खूबसूरत गांव मौजूद है, जहां न सिर्फ आप प्रकृति के खूबसूरत नजारे देख सकते हैं, बल्कि यहां एडवेंचर का भी पूरा आनंद उठा सकते हैं।

हिमाचल प्रदेश में खूबसूरत हिल स्टेशंस की कमी नहीं है। चाहे मनाली की बात हो या फिर शिमला या स्पीती वैली की, यहां आपको मनमोहक नजारे देखने को मिलेंगे। हालांकि, अगर आप भीड़भाड़ वाली जगहों से बोर हो गए हैं और अपने बिजी शेड्यूल से ब्रेक लेकर किसी शांति और सुकून भरी जगह पर कुछ फुर्सत के पल बिताना चाहते हैं तो किन्नौर जिले में एक ऐसा गांव मौजूद है, जोकि आपके लिए परफेक्ट स्पॉट है। यहां के मंत्रमुग्ध कर देने वाले नजारे आपको दूसरी बार भी यहीं की ट्रिप प्लान करने पर मजबूर कर देंगे।





इस जगह का नाम कल्पा है, जोकि अपनी प्राकृतिक खूबसूरती, शांत वातावरण और अद्भुत नजारों के लिए मशहूर है। कल्पा एक ऐसा पहाड़ी गांव है, जोकि सोलो ट्रैवलर्स के अलावा ग्रुप में ट्रिप प्लान करने वाले लोगों के लिए भी बेस्ट स्पॉट है। कल्पा से किन्नर कैलाश पर्वत की शानदार झलक मिलती है, जिसे देखकर कोई भी खुश हो जाएगा। इसके अलावा अगर आपको ट्रैकिंग पसंद है तब तो आप जल्दी से कल्पा घूम आईए। यही नहीं, कल्पा अपने सेब के बागानों के लिए भी जाना जाता है, जहां जाकर आप ताजे और रसीले सेबों का आनंद ले सकते हैं।

**किन्नर कैलाश:** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित एक पवित्र पर्वत है, जिसे हिंदू धर्म में भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है। ये पर्वत 6,050 मीटर (19,849 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। यहां आपको ट्रैकिंग करके जाना होता है। मानसरोवर कैलाश, आदि कैलाश और श्रिखंड कैलाश के अलावा ये जगह कैलाश पर्वत के चार प्रमुख कैलाशों में से एक है।

**रक्छम और छितकुल गांव:** ये हिमाचल के सबसे सुंदर गांवों में से एक हैं, जो कल्पा से थोड़ी दूरी पर स्थित हैं। ये दोनों ही गांव हिमालय की गोद में बसे हुए हैं, जहां की नेचुरल ब्यूटी और शांति देखने लायक है। इन दोनों गांवों के नजारे मंत्रमुग्ध कर देने वाले हैं। ये गांव बस्पा नदी घाटी में स्थित हैं और हिमाचल के सबसे सुंदर और कम भीड़भाड़ वाले टूरिस्ट्स प्लेसेस में इनकी गिनती होती है।

**कल्पा मठ और नारायण नागिनी मंदिर:** कल्पा मठ एक प्राचीन बौद्ध मठ है, जिसे लोकल भाषा में "गोंपा" कहा जाता है। ये बौद्ध धर्म और हिंदू धर्म के अद्भुत मिश्रण का प्रतीक है, जहां दोनों संस्कृतियों की झलक मिलती है। वहीं, नारायण नागिनी मंदिर हिंदू धर्म का एक पवित्र स्थल है, जिसे भगवान विष्णु (नारायण) और देवी नागिनी को समर्पित किया गया है। यह मंदिर किन्नर शैली में बना है, जिसमें लकड़ी की पारंपरिक वास्तुकला दिखाई देती है।

**बस्पा नदी घाटी:** ये जगह अपनी हरियाली, बर्फ से ढकी चोटियों और शांत वातावरण के लिए जानी जाती है। यही नहीं, बस्पा नदी घाटी ट्रैकिंग, कैंपिंग, नेचर लवर्स और फोटोग्राफी के शौकीन लोगों के लिए स्वर्ग है। वहीं, बस्पा नदी की बात करें तो ये हिमालय की सबसे साफ और सुंदर नदियों में से एक है।नदी के किनारे बैठकर आप इसकी शीतलता और शांति का अनुभव कर सकते हैं।

**ऐसे पहुंचे कल्पा:** अगर आप कल्पा बाय रोड जाना चाहते हैं तो शिमला का जुब्बरहट्टी एयरपोर्ट सबसे नजदीकी है। ये कल्पा से लगभग 260 किलोमीटर दूर है। वहीं, कल्पा से सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन शिमला रेलवे स्टेशन (260 किमी) है।

यही नहीं, आप शिमला से बाय रोड भी कल्पा जा सकते हैं। शिमला और रामपुर से कल्पा जाने के लिए आपको कई बसें और टैक्सियां मिल जाएंगी।

## सम्पादकीय

# बीमा कराने वालों के हितों की रक्षा का अहम कदम

बीमा योजनाओं को और अधिक भरोसेमंद बनाने तथा बैंकों में जमा राशि को सुरक्षित रखने के लिए केंद्र सरकार के दो कदम स्वागत योग्य कहे जा सकते हैं। केंद्र ने बीमा कंपनियों को पॉलिसीधारकों के लिए फ्री लुक अवधि को एक माह से बढ़ाकर एक साल करने को कहा है। इसके तहत बीमा कराने के बाद बीमा पॉलिसी पसंद नहीं आने पर इसे एक साल के अंदर वापस कर सकेंगे। बीमा कंपनी को जमा किया गया प्रीमियम अमाउंट लौटाना होगा। इसी प्रकार सरकार बैंकों में जमा राशि पर बीमा कवरेज को बढ़ाने पर विचार कर रही है। इससे बैंक बंद होने या डूबने पर ग्राहक को अब पांच लाख रुपए से अधिक की रकम वापस मिल सकेगी।



पवन गौतम
संपादक

बीमा कंपनियां अक्सर ग्राहकों को लुभावने वादों के साथ पॉलिसी बेचती हैं और कई बार विवादों में भी फंस जाती हैं। इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डवलपमेंट अथॉरिटी की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023–24 में मिससेलिंग यानी गलत तरीके से पॉलिसी बेचने के 23 हजार मामले सामने आए। पॉलिसी पसंद नहीं आने पर ग्राहक अभी एक महीने के भीतर पॉलिसी वापस कर सकता है, जिसे बढ़ाकर अब एक साल करने के लिए कहा गया है। ऐसे में ग्राहक अपने पॉलिसी विकल्पों को अधिक समय तक देख सकेंगे। ऐसी अवधि को फ्री लुक अवधि कहते हैं। इस अवधि में संतुष्ट नहीं होने पर रद्द करने के प्रावधान से निश्चित ही बीमा उद्योग में पारदर्शिता और ग्राहकों का विश्वास बढ़ेगा। हालांकि फ्री लुक अवधि के विस्तार से बीमा कंपनियों को नुकसान की आशंका तो रहेगी पर दीर्घावधि में उन्हें फायदा भी हो सकेगा। एक साल तक पॉलिसी वापस करने का विकल्प देने से ज्यादासंया में पॉलिसी रद्द होने का खतरा रहेगा। इससे बीमा कंपनियों के प्रीमियम का मुनाफा घट सकता है। साथ ही जमा राशि वापस करने से कंपनी में वित्तीय संकट उत्पन्न हो सकता है। सीधे तौर पर बीमा कंपनियों को अधिक समय तक ग्राहकों के पॉलिसी निर्णय पर नजर रखनी होगी। ग्राहकों को जोड़े रखने के प्रयासों के तहत कंपनियां ग्राहकों के अनुभव और उनकी संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार कर सकेंगी। साथ ही बीमा कंपनियां पॉलिसी की शर्तों, लाभों और शुल्कों के बारे में अधिक स्पष्टता और पारदर्शिता अपनाएंगी। इस सुधार से न केवल ग्राहक अनुभव में वृद्धि होगी, बल्कि कंपनियों को बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त भी प्राप्त होगी। इसी तरह बैंकों में जमा राशि पर भी बीमा कवरेज बढ़ने से पांच लाख से अधिक की रकम मिल पाएगी। सरकार के इस कदम से भी जनता में बैंकों के प्रति विश्वास और मजबूत होगा।

## नजरिया

# माधव सदाशिव राव गोलवलकर–शक्तिशाली भारत के कल्पक

प्रवीण गुगनानी

विकसित भारत की नेहरू की परिकल्पना पर श्रीगुरूजी का "शक्तिशाली भारत" की योजना; कल्पक, अत्यंत भारी, परिणामकारी व युगांतरकारी है। श्री गुरुजी की यह योजना, नेहरू की अंग्रेज व मुस्लिम परस्त नीतियों पर बहुत भारी पड़ती हुई दिखने लगी थी।

श्री गुरुजी, माधव सदाशिव राव गोलवलकर, शक्तिशाली भारत की अवधारणा के अद्भुत, उद्भट व अनुपम संवाहक थे। वे भारत की सौम्यता, अनेकता में एकता, समरसता के मर्मज्ञ थे। श्री गुरुजी के संदर्भ में "थे" शब्द कहना सर्वथा अनुचित होगा, वे आज भी हमारे मध्य; पराक्रमी भारत, ओजस्वी भारत, अजेय भारत, निर्भय भारत, संपन्न–समृद्ध–स्वस्थ भारत व राष्ट्रवाद भाव के झर–झर बहते निर्झर झरने बने हुए हैं। वे शक्तिशाली भारत के अग्रदूत, संवाहक, प्रणेता के रूप में आज भी हमारे मध्य हैं, एक वैचारिक मूर्ति के रूप में। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरुजी के संदर्भ में, शक्तिशाली भारत की अवधारणा के संवाहक, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पुस्तक "श्रीगुरूजी एक स्वयंसेवक" में लिखते हैं झ "राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना सन 1925 में डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने की थी, लेकिन इसे वैचारिक आधार द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'श्रीगुरुजी' ने प्रदान किया था। द्वितीय विश्वयुद्ध, भारत छोड़ो आंदोलन, आजाद हिंद फौज और नेताजी का देश की आजादी में योगदान, भारत विभाजन, देश की आजादी, कश्मीर विलय, गांधी हत्या, देश का पहला आम चुनाव, चीन से भारत की हार, पाकिस्तान के साथ 1965 व 1971 की लड़ाई; भारत का इतिहास बदलने और बनाने वाली इन घटनाओं के महत्त्वपूर्ण काल में न केवल श्रीगुरुजी संघ के प्रमुख थे, बल्कि अपनी सक्रियता और विचारधारा से उन्होंने इन सबको प्रभावित भी किया था।" शक्तिशाली भारत की श्री गुरुजी की अवधारणा को अटलबिहारी वाजपेयी व नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी हुई कोई आधा दर्जन केंद्रीय सरकारों ने मात्र ही स्वीकार नहीं किया; अपितु, इस अवधारणा को उन्होंने अपना गीता–रामायण माना हुआ है।

शक्तिशाली राष्ट्र की गुरुजी की अवधारणा को स्वतंत्रता संघर्ष के मध्य ही कांग्रेस ने, व स्वतंत्रता के पश्चात बनी हुई नेहरूजी व शास्त्रीजी की सरकारों ने भी स्वीकार किया है। यद्यपि नेहरू ने तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाने व श्री गुरुजी को जेल में बंदी बनाने जैसा पाप भी किया था किंतु इसके बाद उन्होंने गोलवलकर गुरुजी का अभिनंदन करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को वर्ष 1963 की गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेने हेतु आमंत्रित भी किया था।

वस्तुतः श्री गुरुजी के नेतृत्व काल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बढ़ती लोकप्रियता, स्वीकार्यता, मान्यता को देखकर नेहरूजी के हृदय में कुटिलता व डाह के भाव आने लगे थे। नेहरू जिस प्रकार की छुद्र,



अंग्रेज–मुस्लिम परस्त राजनीति किया करते थे; श्रीगुरुजी उसके विरुद्ध थे। नेहरू जी ने संघ व श्रीगुरुजी को अपनी सत्ता के प्रति आसन्न असुरक्षा के भाव से ग्रसित होकर ही गांधीजी की हत्या के बाद श्रीगुरुजी को गिरफ्तार कर संघ को प्रतिबंधित किया था। गांधी जी की हत्या व हत्या के आरोप में संघ पर प्रतिबंध लगाना, आज भी एक अनसुलझा रहस्य ही है। इस रहस्य का एक सूत्र गांधीजी की हत्या के ठीक एक दिन पूर्व के नेहरू के एक भाषण में भी है, जिसमें नेहरू ने संघ को कुचलने की बात कही थी। नेहरू जी का संघ को कुचलने वाला भाषण देना, चौबीस घंटे के भीतर गांधी जी की हत्या होना और संघ पर प्रतिबंध लगाकर श्रीगुरूजी को गिरफ्तार कर लेना, एक अनसुलझी गुत्थी ही है। गांधी जी की हत्या व इस संदर्भ में संघ पर प्रतिबंध, यह पहेली, क़ानूनी दृष्टि से अनसुलझी लग सकती है किंतु भीतरखाने के सच जानने वाले तत्कालीन राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता इस संदर्भ में दबी जबान बहुत कुछ कहा–सुना करते थे।

विकसित भारत की नेहरू की परिकल्पना पर श्रीगुरूजी का "शक्तिशाली भारत" की योजना; कल्पक, अत्यंत भारी, परिणामकारी व युगांतरकारी है। श्री गुरुजी की यह योजना, नेहरू की अंग्रेज व मुस्लिम परस्त नीतियों पर बहुत भारी पड़ती हुई दिखने लगी थी। सार्वजनिक चौक–चौराहों, सड़क–संसद, मठ–मंदिर, व्यावसायिक परिसरों आदि सर्वत्र स्थानों पर श्री गुरुजी की "शक्तिशाली भारत" की योजना की चर्चा में भारतीय न केवल रुचि लेने लगे थे, अपितु, श्रीगुरूजी के प्रति भारतीयों में श्रद्धा का वातावरण बनता जा रहा था। यह सब तब था जबकि, श्रीगुरूजी का प्रत्यक्ष राजनीति से कोई सीधा संबंध नहीं था। नेहरू जी को भय था कि, देश के आगामी प्रथम लोकसभा चुनाव में उनकी सर्वोच्चता को केवल तीन लोग चुनौती दे सकते थे; वे तीन व्यक्ति थे - पहले श्री गुरुजी, गांधीजी व बाबासाहेब अंबेडकर जी। इन तीनों के प्रति नेहरूजी ने तरह–तरह की ज्ञात–अज्ञात दुरभिसंधियाँ की थीं।

श्रीगुरूजी के कृतित्व को नेहरू जी व भारत की समूची जनता ने, भारत–कश्मीर विलय में उनकी भूमिका से देख लिया था।

प्रसिद्ध लेखक, संदीप बोमजाई, – "डिसइक्विलीब्रियम : वेन गोलवलकर रेसक्यूड हरि सिंह" में लिखते हैं, "सरदार पटेल की पहल पर श्रीगुरूजी ने 18 अक्तूबर, 1947 को महाराजा हरि सिंह से भेंट की और विलय को संभव बनाया।" महाराजा हरिसिंह ने गोलवलकर से कहा, "मेरा राज्य पूरी तरह से पाकिस्तान पर निर्भर है। कश्मीर से बाहर जाने वाले सभी रास्ते रावलपिंडी और सियालकोट से गुज़रते हैं। मेरा हवाई अड्डा लाहौर है। मैं भारत से किस तरह संबंध रख सकता हूँ।" श्री गुरुजी ने उनसे कहा, "आप हिंदू राजा हैं। पाकिस्तान के साथ विलय के बाद आपकी हिंदू प्रजा पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ेगा। सही है कि आपका भारत के साथ इंफ्रा विकसित नहीं है किंतु इसे बनाया जा सकता है। आपके कश्मीर के हित में अच्छा यही होगा कि आप भारत के साथ अपने राज्य का विलय कर लें।" आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर में जो इंफ्रास्ट्रक्चर निर्मित कर रहे हैं, वह श्री गुरुजी के इन विचारों का क्रियान्वयन ही है। अरुण भटनागर की पुस्तक, "इंडियाः शेडिंग द पास्ट, एम्ब्रेसिंग द फ्यूचर, 1906–2017" में भी श्रीगुरुजी की कश्मीर विलय में भूमिका, का उल्लेख है।

स्वातंत्र्योत्तर भारत में श्रीगुरुजी की "शक्तिशाली भारत" की अवधाणा से लोग ऐसे प्रभावित होने लगे थे कि उनके प्रति श्रद्धा का ज्वार उमड़ने लगा था। 1965 के "भारत चीन युद्ध" में भी, प्रधानमंत्री शास्त्रीजी ने, श्रीगुरुजी से नीतिगत व सामरिक विषयों पर परामर्श करके निर्णय लिए थे। जनप्रिय प्रधानमंत्री अटलजी तो श्रीगुरूजी के समकक्ष कभी कुर्सी पर नहीं बैठते थे व नीचे ही स्थान ग्रहण करते थे।

गोवा के भारत विलय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका उनकी "शक्तिशाली भारत की अवधारणा" का ही परिणाम था। गोवा मुक्ति आंदोलन में उस समय कांग्रेस सरकार की भूमिका राष्ट्रहित की पीठ में ही छुरा घोंपने वाली थी। गुरुजी ने तब कहा था, "गोवा में पुलिस कार्रवाई करने और गोवा को मुक्त कराने का इससे ज्यादा अच्छा अवसर कोई नहीं आएगा। भारत सरकार ने गोवा मुक्ति आन्दोलन का साथ न देने की घोषणा करके मुक्ति आन्दोलन की पीठ में छुरा मारा है। भारत सरकार को चाहिए कि भारतीय नागरिकों पर हुए इस अमानुषिक गोलीबारी का प्रत्युत्तर दे और मातृभूमि का जो भाग अभी तक विदेशियों की दासता में सड़ रहा है, उसे अविलम्ब मुक्त करने के उपाय करे।"

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व वामपंथियों में मूलतः वैचारिक मतभेद है व कम्युनिस्ट स्वभावतः ही संघ को पानी पी पी कर कोसते रहे हैं। श्रीगुरूजी अपनी "शक्तिशाली भारत" की अवधारणा के प्रति इतने समर्पित थे कि वे कम्युनिस्ट्स के प्रति भी राष्ट्रहित में समन्वय की दृष्टि रखते थे। श्रीगुरूजी कार्ल मार्क्स के प्रति कहा करते थे कि, "भारतीय कम्युनिस्ट्स ने कार्ल मार्क्स के साथ अन्याय किया है। मार्क्स केवल भौतिकतावादी नहीं थे, वे नीतिशास्त्र में भी विश्वास रखते थे। श्रीगुरुजी मानते थे कि, कार्ल मार्क्स को "क्रूड मटेरियलिस्टिक" मानना भारतीय कम्युनिस्टों की बड़ी भारी गलती है ।

श्रीगुरूजी "शक्तिशाली भारत" के अपने विचार के क्रियान्वयन हेतु सभी वैचारिक पद्धतियों के सत्व–सार को खोजते व उससे समन्वय बनाते दिखते थे।

## विचार–विंडो

# अश्विनी वैष्णव को रेल मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए या नहीं?

नीरज कुमार दुबे

देखा जाये तो रेल मंत्री पद से अश्विनी वैष्णव का इस्तीफा मांगा जा रहा है तो इसमें कुछ गलत नहीं है क्योंकि बात सिर्फ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे की ही नहीं है। आप रेलवे को समग्र रूप में देखेंगे तो पाएंगे कि कोई बड़ा सुधार कर पाने में अश्विनी वैष्णव पूरी तरह विफल रहे हैं।

नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत ही बड़ी खबर नहीं है। बड़ी खबर यह भी है कि रेलवे ने पिछले हादसों से कोई सबक नहीं सीखा है। बड़ी खबर यह भी है कि लोग यह समझ चुके हैं कि रेलवे में सुधार की बातें सिर्फ खोखली हैं। बड़ी खबर यह भी है कि तमाम लोगों को इस बात का पक्का विश्वास हो चला है कि पर्वों–त्योहारों और छुट्टियों के समय टिकट खरीदने से लेकर अपने गंतव्य तक पहुँचने तक रेल का सफर परेशान करेगा ही करेगा। बड़ी खबर यह भी है कि रेलवे स्टेशन पर या पटरी पर चलती ट्रेन के साथ कितनी बड़ी दुर्घटना हो जाये, रेल मंत्री कभी नैतिक जिम्मेदारी नहीं लेंगे। बड़ी खबर यह भी है कि दुर्घटना होने पर मुआवजे या जांच का ऐलान तुरंत ही करने वाले रेल मंत्री अपना इस्तीफा देना तो दूर कभी इस्तीफे की पेशकश तक नहीं करेंगे।

देखा जाये तो रेल मंत्री पद से अश्विनी वैष्णव का इस्तीफा मांगा जा रहा है तो इसमें कुछ गलत नहीं है क्योंकि बात सिर्फ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे की ही नहीं है। आप रेलवे को समग्र रूप में देखेंगे तो पाएंगे कि कोई बड़ा सुधार कर पाने में अश्विनी वैष्णव पूरी तरह विफल रहे हैं। अगर महाकुंभ की ही बात कर लें तो भले रेल मंत्री ने प्रयागराज के लिए हजारों ट्रेनें चलाने के दावे किये हों लेकिन आप देशभर में सर्वे करा लें तो पाएंगे कि प्रयागराज के लिए ज्यादातर लोगों को ट्रेनों में टिकट मिले ही नहीं और जिनको टिकट मिले उनका सफर आरामदायक नहीं रहा। यही नहीं, हैरानी की बात यह भी रही कि प्रयागराज के लिए रेलवे की वेबसाइट और ऐप पर भले टिकट नहीं थे लेकिन मेकमाई ट्रिप जैसी ट्रैवल साइटों पर 500 रुपए की अतिरिक्ति फीस देकर उसी तारीख के रेलवे टिकट उपलब्ध थे। हम 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन 2025 तक रेलवे को इतना भी आत्मनिर्भर नहीं बना पाये हैं कि उसकी ही वेबसाइट और ऐप पर सभी को कंफर्म टिकट मिल जायें। आज भी रेल यात्रियों को अपना टिकट कंफर्म कराने के लिए वीआईपी कोटा या रेलवे कोटा लगवाने के लिए नेताओं और अधिकारियों से मदद मांगनी पड़ती है जोकि शर्मनाक है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के जांच के आदेश तो दे दिये गये हैं लेकिन सवाल उठता है कि पहले की घटनाओं की जांच रिपोर्टों का क्या हुआ? पिछली घटनाओं के लिए कौन लोग दोषी ठहराये गये, उन्हें कौन–सी कड़ी सजा हुई? क्या इसका विवरण कभी रेल मंत्री देश के सामने रखने का साहस जुटाएंगे? देखा जाये तो नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना का प्रमुख कारण था ऐन समय पर ट्रेनों के प्लेटफॉर्म का बदला जाना। यह ऐसी चूक है जिसकी वजह से पहले भी दुर्घटनाएं हुई हैं लेकिन रेलवे ने कभी सबक नहीं सीखा। जब रेलवे स्टेशन का प्रबंधन यह देख रहा था कि वहां भारी भीड़ उमड़ी हुई है तो प्लेटफॉर्म बदलने का फैसला टाल कर क्या घटना को रोका नहीं जा सकता था?

बात सिर्फ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की भी नहीं है। देश के तमाम शहरों से इस प्रकार की खबरें सामने आ रही हैं कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में लोग भारी भीड़ की वजह से चढ़ नहीं पा रहे हैं। इस प्रकार के भी वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि यात्री सिर्फ दरवाजों से ही नहीं बल्कि खिड़कियों से भी ट्रेन के भीतर जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर तमाम वायरल वीडियो में भी देखा जा सकता है कि लोग ट्रेनों में नहीं चढ़ पाने को लेकर तोड़फोड़ तक कर रहे हैं। जनता की यह नाराजगी साफ दर्शाती है कि महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन को लेकर रेलवे की ओर से पर्याप्त तैयारियां नहीं की गयी थीं। यही नहीं, हमने दुनिया के सबसे ऊँचे पुल पर ट्रेन दौड़ाने का कीर्तिमान तो अपने नाम कर लिया लेकिन जमीन पर बिछी पटरियों पर दौड़ती ट्रेन की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाये हैं। आये दिन होते रेल हादसे दर्शा रहे हैं कि संभवतः मंत्रीजी का पूरा ध्यान इस विभाग पर नहीं है। हाल के रेल हादसों में से अधिकांश के पीछे साजिश का एंगल सामने आया है। यदि ऐसा है तो यह भी सुरक्षा में एक बहुत बड़ी खामी है। यही नहीं, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के दौरान कुली और प्लेटफॉर्म पर स्टॉल लगाने वाले ही यात्रियों के बचाव में उतरे। एक भी यात्री ने यह नहीं बताया कि रेलवे पुलिस ने किसी की मदद की हो या उसे बचाया हो। साथ ही, भगदड़ की घटना के तत्काल बाद जिस तरह प्रयागराज के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाईं गयीं वह दिखाता है कि रेलवे के पास अतिरिक्त ट्रेनों की व्यवस्था थी। इसलिए सवाल उठता है कि भीड़ को देखते हुए उन स्पेशल ट्रेनों को पहले क्यों नहीं चलाया गया? रेलवे ने गत शनिवार को प्रयागराज के लिए स्पेशल वंदे भारत ट्रेनें चलाने की घोषणा की थी लेकिन साधारण ट्रेनों को क्यों नहीं चलाया गया? क्या ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि वंदे भारत जैसी महंगी ट्रेनों से रेलवे को ज्यादा आमदनी होती है और साधारण ट्रेनों को चलाने से ज्यादा लाभ नहीं होता? क्या रेलवे ने अब सिर्फ अपने लाभ के बारे में ही सोचना शुरू कर दिया है?

सवाल और भी कई हैं लेकिन उनके जवाब मिलने की संभावना कम ही है। वैसे यह भी एक तथ्य है कि भारतीय रेलवे भारी दबाव में है। रेलवे में सुधार की अत्यंत जरूरत है। रेलवे को ऐसे मंत्री की भी जरूरत है जिसके पास रेलवे के अलावा अन्य किसी मंत्रालय का कार्यभार नहीं हो ताकि वह रेलवे पर ही पूरी तरह से ध्यान दे पाये। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि अश्विनी वैष्णव उच्च शिक्षित, अनुभवी और ईमानदार व्यक्ति हैं लेकिन आंकड़े दर्शाते हैं कि उनकी यह योग्यताएं रेलवे के काम नहीं आ पा रही हैं। अश्विनी वैष्णव अक्सर रेलवे की सुनहरी तस्वीर के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते रहते हैं जबकि हकीकत उससे काफी अलग होती है। यही नहीं, आज भले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन या देश के अन्य स्टेशनों पर सब कुछ व्यवस्थित दिखाई दे रहा हो लेकिन सवाल उठता है कि क्या ऐसी ही व्यवस्था जल्द ही आने वाली होली की छुट्टियों और उसके बाद गर्मी की छुट्टियों के दौरान भी दिखाई देगी? बहरहाल, देखना होगा कि भारतीय रेलवे का भविष्य कैसा रहता है? वैसे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बिखरे हुए जूते–चप्पलों, टूटी हुई चूड़ियों, कपड़ों, बैगों के दृश्य और जिन 18 परिवारों में मौत हुई है उनके घर में पसरे मातम का दृश्य हर किसी के मन में सिहरन पैदा कर गये हैं।

## सुविचार

किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके चेहरे के रंग या कपड़ों से नहीं होती बल्कि उसके व्यवहार और गुणों से होती है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | अष्टमी | 09:58-11:58 तक | पक्ष | कृष्ण |
| नक्षत्र | अनुराधा | 01:30-03:53 तक | माह | फाल्गुन |
| सूर्योदय | | 6:55 AM | चन्द्रोदय | 12:17 AM |
| सूर्यास्त | | 6:10 PM | चंद्रास्त | 11:37 AM |
| सूर्य राशि | | कुंभ राशि | चंद्र | वृश्चिक राशि |
| शुभ मुहूर्त अभिजीत | | 12:10 PM –12:55 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 05:39-07:39 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2081 |
| राहुकाल | | 01:57PM–03:21PM | वार | गुरुवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# दुर्भाग्य को सौभाग्य में बदल सकते हैं आपके कपड़े



**यूनिक समय, मथुरा।** कई बार हमें जिंदगी में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वास्तु अनुसार, इसके पीछे का कारण हमारे आसपास का वातावरण व घर में इस्तेमाल किए रंग होते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि घर के साथ हमारे कपड़ों का रंग भी हमपर खास असर डालता है? जी हां, वास्तु में हमारे इस्तेमाल करने वाले कपड़े व इस संबंधी भी कई नियम बताए गए है। ऐसे में कपड़ों से जुड़े इन नियमों को अपनाकर हम कई परेशानियों से बच सकते हैं। चलिए जानते हैं वास्तु अनुसार कपड़ों को लेकर किन बातों का ध्यान रखना चाहिए...

**ज्यादा पुराने व फटे कपड़े नपहने**

वास्तु अनुसार, ज्यादा पुराने व फटे कपड़े पहनने से बचना चाहिए। इससे जीवन में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसे में कई परेशानियां झेलनी पड़ सकती है। इसके अलावा घर पर भी ज्यादा पुराने पर्दे–चादर इस्तेमाल करने से बचें।

**हमेशा साफ कपड़े पहने**

कभी भी गंदे कपड़े न पहनें। इससे जीवन में अशुभ प्रभाव पड़ता है। साफ व प्रेस किए कपड़े पहनने से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होने के साथ आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। साथ ही तरक्की के रास्ते खुलते है। इसलिए रोजाना साफ और प्रेस किए हुए कपड़े। इसके अलावा घर के पर्दे, चादर आदि को भी समय–समय पर धोते रहिए।

**कुंवारी लोग न पहने काले कपड़े**

कुंवारे लोगों को काले रंग के कपड़े पहनने से बचना चाहिए। वास्तु अनुसार, इससे शादी होने में रूकावटें आने लगती है। वहीं शादी की उम्र वाले लोगों को गुलाबी, नारंगी व हल्का रंग के कपड़े ज्यादा पहनने चाहिए। इससे उनके शादी के संयोग खुलेंगे।

**आत्मविश्वास बढ़ाएगा लाल रंग**

जिन लोगों को आत्मविश्वास की कमी रहती है उन्हें लाल रंग के कपड़े ज्यादा पहनने चाहिए।

**पॉजीटिव एनर्जी के लिए पहनने पीले रंग के कपड़े**

अक्सर जीवन से परेशान व निराश रहने वाले लोगों को ज्यादा से ज्यादा पीले रंग के कपड़े पहनने चाहिए। इससे अंदर से खुशी का एहसास होता है। साथ ही आत्मविश्वास बढ़ता है।

**इन दिनों पहने नए कपड़े**

वास्तु अनुसार, बुधवार, गुरुवार या शुक्रवार के दिन नए कपड़े पहनना शुभ होता है। इससे जीवन में सफलता के रास्ते खुलने के साथ शुभफल मिलता है।

**इस दिन नए कपड़े पहनने से बचें**

अगर आप नए कपड़े लाए है तो इसे शनिवार के दिन पहनने से बचें। माना जाता है कि इन दिन नए कपड़े पहनने से वे जल्दी फट जाते हैं।

# संबंधों को मजबूत बनाने के लिए इन बातों का ध्यान रखें



**यूनिक समय, मथुरा।** कभी भी अच्छे रिश्तों को कमजोर नहीं होने देना चाहिए। अच्छे रिश्ते आपका बुरा समय में साथ देते हैं। आचार्य चाणक्य ने बताया है कि व्यक्ति के लिए रिश्तों को मजबूत रखना कितना जरूरी होता है।

हर व्यक्ति अपने जीवन में रिश्तों को अच्छे और मजबूत बनाने के लिए हम कई तरह के कोशिश करते हैं। नीति शास्त्र के अनुसार, जो व्यक्ति इन बातों का ध्यान रखता है उनके रिश्ते मजबूत बने रहते हैं। आगे जानिए क्या कहती है चाणक्य नीति.....

**प्रेम और विश्वास पर टिके होते हैं रिश्ते**

किसी भी व्यक्ति के लिए सब को खुश रखना मुश्किल होता है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि आप छल– कपट का साहरा लें। चाणक्य के अनुसार अगर कोई व्यक्ति छलझ्रकपट का सहारा लेता है तो उसके रिश्ते लंबे समय तक नहीं टिकते हैं।

ऐसे रिश्तों की आपसी कलई जल्दी खुल जाती हैं। चाणक्य के मुताबिक रिश्तों की नीव हमेशा प्रेम और विश्वास पर होता है।

**रिश्तों में बनाएं रखें विनम्रता**

आचार्य चाणक्य के अनुसार व्यक्ति के वाणी में मधुरता और व्यक्तित्व में विनम्रता होनी चाहिए। आपकी मधुर वाणी कठोर हृदय को भी परिवर्तित कर सकती है, इसलिए हमेशा अपनी वाणी को मधुर रखें। मधुर वाणी व्यक्ति को समाज में सम्मानता दिलाता है।

**अहम को आगे न आने दें**

अहंकार व्यक्ति के रिश्तों को खराब कर सकता है। कई बार संबंध में भी दरार पड़ने लगती है। चाणक्य नीति के अनुसार, व्यक्ति को कभी भी इतना अहंकार नहीं होना चाहिए कि ये आपके रिश्तों को आड़े आने लगे।

**बनाएं रखें रिश्तों का गरिमा**

रिश्तों की गरिमा बनाएं रखना बहुत जरूरी होता है। जब तक रिश्तों में गरिमा रहती है तब तक एकझ्रदूसरे के प्रति सम्मान रहता है। रिश्तों में क्रोध और एक-दूसरे को नीचे दिखाने की प्रवृति नहीं होनी चाहिए। जो व्यक्ति अपने अहंकार को त्याग कर लोगों का सम्मान करता है उस व्यक्ति को हमेशा लोगों का सहयोग प्राप्त होता है।

# इस तरह साइन करने वाले होते हैं जिद्दी



**यूनिक समय, मथुरा।** बैंक हो या स्कूल, या फिर अन्य कोई कार्य, हस्ताक्षर जीवन का अहम हिस्सा हैं। हर व्यक्ति अलग–अलग तरह से हस्ताक्षर करता है। लेकिन ज्योतिष की दृष्टि से देखें तो व्यक्ति के हस्ताक्षर उसके भविष्य और जीवन के बारे में बहुत कुछ इशारा करता है। जानिए हस्ताक्षर से कैसे पता करें जीवन में बारे....

यदि व्यक्ति अपने हस्ताक्षर पेन को कागज से उठाए बिना लगातार लिखते हैं तो ये जीवन में सभी से मित्रता करना चाहते हैं। ऐसे लोग नए प्रयोगों को जीवन में अपनाना नहीं चाहते। इस तरह के लोग रुढ़िवादी होते हैं। जो लोग अपने हस्ताक्षर नीचे से ऊपर की ओर ले जाते हैं वे काफी उत्साही होते हैं। ये लोग महत्वाकांक्षी होते हैं। ऐसे लोग जिस काम में हाथ डालते हैं उसमें सफलता भी पाते हैं। यदि व्यक्ति अपने हस्ताक्षर छोटे करने के साथ ही इन्हें तोड़–मरोड़ देता है तो वह रहस्यमयी प्रवृत्ति का होता है। ऐसे व्यक्ति को समझना बहुत मुश्किल होता है। ये लोग चालाक किस्म के होते हैं। ये लोग मतलबी होते हैं। यदि व्यक्ति पेन को गड़ा–गड़ाकर हस्ताक्षर करता है और यह कागज की दूसरी ओर भी यह अक्षर भी दिखाई दें तो ऐसे लोग जिद्दी किस्म के होते हैं। यह अपनी बात को स्पष्ट रूप से कहने वाले होते हैं। जो लोग अपने हस्ताक्षर करते समय शब्दों को ऊपर से नीचे की ओर ले जाते हैं उनमें नकारात्मक विचार काफी अधिक मात्रा में होते हैं। ऐसे व्यक्ति किसी से घुलते–मिलते नहीं। ये हमेशा दुखी रहते हैं। जो व्यक्ति अपने हस्ताक्षर के अंत में बिंदु लगाते हैं वे स्वभाव से शर्मीले किस्म के होते हैं। ये किसी पर आसानी से भरोसा नहीं करते। ऐसे लोग जिस काम को हाथ में लेते हैं उसे खत्म करके ही दम लेते हैं। जो व्यक्ति जल्दबाजी में अस्पष्ट हस्ताक्षर करते हैं वे काफी महत्वाकांक्षी होते हैं वे जल्दी उंच्चाइयों पर पहुंचना चाहते हैं। अपना मतलब निकालने के लिए दूसरे को धोखा देने से नहीं चूकते।

# आर्थिक परेशानियों से छुटकारा दिलाती है काली मिर्च



**यूनिक समय, मथुरा।** हमारे किचन में ऐसी बहुत सी चीजें हैं, जो हमारे खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ–साथ हमें कई तरह की बीमारियों और अनेकों समस्याओं से निजात भी दिला सकती हैं। हम सभी के जीवन में कभी ना कभी ऐसा मौका आता है, जब हम बहुत प्रयास करने के बाद भी सफलता प्राप्त नहीं कर पाते हैं। ऐसे में कोई भी व्यक्ति का परेशान होना स्वभाविक है।

ज्योतिष शास्त्र में हमारे किचन में मौजूद चीजों के कुछ ऐसे उपाय बताए गए हैं, जिनसे हम अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इन्हीं में से एक है काली मिर्च, जिसके उपायों के बारे में हमें बता रहे है।

**धन से संबंधित परेशानियों के लिए उपाय**

यदि कोई व्यक्ति अपने जीवन में आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा हो तो काली मिर्च के 5 दाने लेकर उस व्यक्ति को अपने सिर के ऊपर से 7 बार घुमाकर रात के समय किसी चौराहे या सुनसान जगह पर खड़े होकर चारों दिशाओं में चार–चार दाने फेंक देने हैं। बचा हुआ पांचवा दाना आसमान की तरफ उछाल कर फेंक दें। इसके बाद वहां से चुपचाप घर वापस आ जाएं और पीछे पलट कर ना देखें। ऐसा माना गया है कि काली मिर्च का उपाय करने से व्यक्ति के जीवन की आर्थिक तंगी दूर होती है।

**शनि दोष से छुटकारा पाने के लिए**

यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में शनि भारी है या शनि दोष है तो ऐसे में उस व्यक्ति को काली मिर्च और 11 रुपये काले कपड़े में बांधकर दान करना चाहिए या फिर इसे किसी शनि मंदिर में रख देना चाहिए। ऐसा करने से कुंडली में शनि दोष दूर होता है।

**सभी तरह के कष्टों से मुक्ति के लिए**

यदि किसी व्यक्ति के जीवन में बहुत दिनों से परेशानियां लगातार बनी हुई हैं तो इन परेशानियों को दूर करने में काली मिर्च का उपाय आपके बहुत काम आ सकता है। इसके लिए आपको अमावस्या या पूर्णिमा के दिन काली मिर्च के कुछ दाने लेकर "ओम क्लीं" मंत्र को बोलते हुए पूरे परिवार के सदस्यों के सिर के ऊपर से घुमाते हुए दक्षिण दिशा में फेंक देना है। ऐसा करने से आपके घर में तरक्की और सुख समृद्धि आएगी और आपके जीवन से परेशानियां खत्म होंगी।

> काली मिर्च के उपाय से कुंडली का शनि दोष भी दूर किया जा सकता है।

**कार्य सिद्धि के लिए काली मिर्च का उपाय**

यदि आप किसी खास कार्य से बाहर जा रहे हैं और आप चाहते हैं कि आपका काम पूरा हो तो ऐसे में घर से निकलते समय मुख्य दरवाजे पर काली मिर्च रख दें और जब आप घर से निकलें तो इस काली मिर्च के ऊपर पैर रखते हुए सीधा पैर बाहर निकालें। ऐसा करने से आप जिस काम के लिए घर से बाहर जा रहे हैं वह काम पूरा अवश्य होगा।

### मौनी अमावस्या हादसे मामले की हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

# कोर्ट ने जांच आयोग के कार्यों पर उठाए सवाल

**यूनिक समय, प्रयागराज।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन हुए हादसे के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। इस मामले में याचिका दायर की गई है। याची अधिवक्ता ने कोर्ट के सामने मीडिया रिपोर्ट्स पेश की।

महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन हुए हादसे के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। इस मामले में याचिका दायर की गई है। याची अधिवक्ता ने कोर्ट के सामने मीडिया रिपोर्ट्स पेश की। कहा कि खोया पाया केंद्र पर बिना आधार कार्ड के लापता लोगों के नाम एनाउंस नहीं किए गए। लापता लोगों का आधार कार्ड पेश करना परिजनों के लिए संभव नहीं था। मौके पर त्राहि–त्राहि मची



थी। एक नहीं तीन जगह भगदड हुई। सरकार ने झूठे आंकड़े पेश किए। अधिवक्ता ने कोर्ट के सामने यह भी कहा कि एंबुलेंस ड्राइवर ने मीडिया को दिए बयान में बताया कि 100 से ज्यादा लाशें ढोई गईं। इसके विपरीत सरकार के वकील ने बचाव किया। सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि मामले की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया गया है। आयोग घटना के कारणों और भविष्य में घटना से बचने के उपाय बताएगी।

कोर्ट ने पूछा कि आयोग का काम गोल मोल क्यों है। घटना के दिन कितनी मौतें हुईं और इसकी जांच कैसे और कौन करेगा। सरकारी वकील ने बताया कि आयोग घटना के कारणों को जानने और बचाव के सुझाव देने के लिए है न कि मौतों की जानकारी देने के लिए है।

हाईकोर्ट ने आयोग के कार्यों पर गंभीर सवाल उठाए और यूपी सरकार से जानकारी तलब की। मामले की अगली सुनवाई सोमवार 24 फरवरी को होगी। कोर्ट ने याची अधिवक्ता की ओर से पेश किए गए वीडियो फुटेज को सुरक्षित रखने का आदेश दिया।






## अखिलेश का पोस्ट सोशल मीडिया पर डाला तो लाठी-डंडों से पीटा



**यूनिक समय, लखनऊ।** गोंडा में समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव की पिटाई का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने को लेकर मारपीट हुई पर पुलिस ने इससे इंकार किया है।

समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव लाल चंद्र गौतम की मंगलवार की रात पिटाई कर घायल करने का मामला सामने आया है। आरोप लगाया है कि अखिलेश यादव का पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने पर कुछ लोगों ने उन्हें मारापीटा। घायल का इलाज मेडिकल कॉलेज में कराया गया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। झौहना गांव निवासी लालचंद गौतम का कहना है कि 18 फरवरी की रात करीब 9 बजे वह रानीपुरवा स्थित आवास से अपने पैतृक गांव झौहना जा रहे थे। रास्ते में वह चंदवतपुर घाट पर

### पुलिस बोली– शराब पीने को लेकर हुआ विवाद

दिलीप मौर्या से मिलकर निकला तभी अज्ञात लोगों ने उस पर हमला बोल दिया।

सोशल मीडिया पर अखिलेश यादव की पोस्ट को लेकर रॉड से मारापीटा। हमले में उसका सिर फट गया। मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में उनका इलाज कराया गया। मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में पुलिस व सपा नेताओं के बीच नोकझोंक भी हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामले पर कोतवाल देहात संजय कुमार का कहना है कि पूरा मामला शराब पीने को लेकर हुआ है। एक बाइक की चाभी निकालने को लेकर मारपीट हुई। अखिलेश यादव के पोस्ट को लेकर आरोप पूरी तरह से गलत है। इस मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## चिकन फ्राई करने को लेकर भिड़े दुकानदार

**यूनिक समय, वाराणसी।** वाराणसी जिले में चिकन फ्राई करने को लेकर दो दुकानदारों में विवाद हुआ। झगड़ा इतना बढ़ गया कि चाकूबाजी और पथराव शुरू हो गया। इसमें दोनों पक्ष के छह लोग घायल हुए हैं। सूचना पाकर पहुंची चौबेपुर थाने की पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

वाराणसी जिले के चौबेपुर थाना क्षेत्र के सुनारी बाजार में मंगलवार की रात चिकन फ्राई करने को लेकर दो दुकानदारों में विवाद हो गया। मामला इस कदर तूल पकड़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट, चाकूबाजी और पथराव हुआ। चाकूबाजी और पथराव में दोनों पक्ष के छह लोग घायल हुए हैं। सूचना पाकर पहुंची चौबेपुर थाने की पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना को लेकर तनाव को देखते हुए मौके पर तीन

### दो पक्षों में चाकूबाजी और पथराव, छह लोग घायल

थानों की फोर्स तैनात की गई है।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के मुनारी वाजार में यहीं के रहने वाले जुल्फिकार की चिकेन फ्राई की दुकान है। जुल्फिकार के बगल में रौनाकला, मुनारी बाजार निवासी जितेंद्र सोनकर को फास्ट फूड की दुकान है। जितेंद्र सोनकर अपने ग्राहकों की मांग पर चिकेन फ्राई का ऑर्डर अक्सर जुल्फिकार को देता था। मंगलवार की रात जितेंद्र ने जुल्फिकार को चिकन फ्राई का ऑर्डर दिया तो उसने बनाने से मना कर दिया। इसे लेकर मारपीट होने लगी। मारपीट के बीच ही जुल्फिकार के पक्ष से चाकूबाजी की गई। चाकूबाजी के जवाब में जितेंद्र के पक्ष से पथराव किया गया।

## महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहने वाले विक्षिप्त मानसिकता के :डिप्टी सीएम

**यूनिक समय, लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से माफी मांगने की अपील की है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहना इसका अपमान है। यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने महाकुंभ को लेकर की गई टिप्पणियों के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को निशाने पर लेते हुए उन्हें विक्षिप्त मानसिकता का करार दिया है और उनसे माफी मांगने की अपील की है।

उप मुख्यमंत्री केशव ने एक्स पर कहा कि अखिलेश यादव और ममता बनर्जी को सिर्फ माफिया, मोहर्रम, मौलाना और मुस्लिम तुष्टीकरण पसंद है, इसलिए उन्हें भारतीय संस्कृति के



विराट स्वरूप महाकुंभ से चिढ़ हो रही है। महाकुंभ को 'मृत्युकुंभ' कहना करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का अपमान है। इस तरह के बयान विक्षिप्त मानसिकता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की घटना दुर्घटना दुखद है किंतु कुंभ को ही मृत्यु कुंभ कहना सरासर ग़लत है। ममता दीदी माफी मांगे। बता दें कि सरकारी दावों के मुताबिक महाकुंभ में अब तक 55 करोड़ से ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं।

### भगदड़ को लेकर सीएम योगी ने विपक्ष को घेरा

# संगम का जल नहाने योग्य, मानव मल की अफवाह फैला रहा विपक्ष

**यूनिक समय, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के आयोजन को लेकर की जा रही बयानबाजी पर सपा पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग पहले दिन से ही महाकुंभ का विरोध कर रहे हैं। ये लोग सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ के आयोजन को लेकर अफवाह फैलाने वाले करोड़ों लोगों की आस्था का अपमान कर रहे हैं। अब तक महाकुंभ में 56 करोड़ से भी ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि संगम का जल साफ है और डुबकी लगाने योग्य है। विपक्ष के लोग इसमें मानव मल होने का दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का आयोजन किसी सरकार का आयोजन नहीं है। यह सनातन संस्कृति का आयोजन है। महाकुंभ पर अफवाह फैलाने वाले और अनर्गल आरोप लगाने वाले सनातन आस्था का अपमान कर रहे हैं। इस पर राजनीति नहीं करना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी विधानसभा में महाकुंभ पर संक्षिप्त चर्चा में जवाब दे रहे थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा के लोग महाकुंभ का पहले दिन से ही विरोध कर रहे हैं। इनकी एक सहयोगी ममता बनर्जी ने महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहा है। इसी तरह राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने इसे फालतू की बात कहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि महाकुंभ की भगदड़ में हजारों लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि अगर सनातन संस्कृति का पालन करना अपराध है तो हम ये अपराध हजार बार करेंगे। उन्होंने सपा पर हमला करते हुए कहा कि संक्रमित व्यक्ति का उपचार हो सकता है संक्रमित सोच का कोई उपचार नहीं है। महाकुंभ महान आयोजन है। महान कार्य को तीन अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है। उपहास से, विरोध से और स्वीकृति से। स्वीकृति का इससे अधिक प्रमाण क्या हो सकता है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष खुद चुपचाप जाकर महाकुंभ में डुबकी लगा आए।

मुख्यमंत्री योगी ने एक शेर के माध्यम से विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा

बड़ा हसीन है इनकी जुबान का जादू,
लगाकर के आग बहारों की बात करते हैं।
जिन्होंने रात में चुन–चुन के बस्तियों को लूटा,
वही नसीबों के मारों की बात करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ किसी पार्टी विशेष और सरकार का नहीं, बल्कि समाज का आयोजन है। सरकार पीछे है। सरकार सहयोग और उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए सेवक के रूप में है। सेवक के रूप में उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना हमारी जिम्मेदारी है। हम तत्परता के साथ ऐसा करेंगे, क्योंकि हमें अपनी जिम्मेदारियों का अहसास है। हमारे मन में भारत की सनातन परंपराओं के प्रति श्रद्धा का भाव है और उन श्रद्धाओं को सम्मान देना हमारा दायित्व है। सौभाग्य है कि सदी के महाकुम्भ के साथ सरकार को जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। तमाम दुष्प्रचार को दरकिनार करते हुए देश–दुनिया ने इस आयोजन के साथ सहभागी बनकर इसे सफलता की नई उंचाई तक पहुंचाया है।

प्रतिपक्ष के सदस्य डॉ. आरके पटेल, संग्राम सिंह यादव, आराधना मिश्रा 'मोना' का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे जिम्मेदारियों का अहसास है। 29 जनवरी के भगदड़ के शिकार श्रद्धालुओं और प्रयागराज कुम्भ के दौरान सोनभद्र, अलीगढ़ या अन्य जगहों पर महास्नान में आने और वापस जाने के दौरान जो श्रद्धालु सड़क दुर्घटना के शिकार हुए हैं। हम उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। हमारी संवेदना परिवारजनों के प्रति है। सरकार उनके साथ खड़ी है और हरसंभव मदद करेगी। प्रश्न यह है कि इस पर राजनीति करना कितना उचित है।

मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा सदस्य मनोज पांडेय को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने अफवाहों का उल्लेख किया।

सीएम ने कहा कि काहिरा, नेपाल, झारखंड व देश की अन्य दुर्घटनाओं को महाकुंभ व झूंसी के साथ जोड़कर दुष्प्रचार करके अफवाह फैलाने का कार्य हो रहा है, ऐसा करने वाले आखिर कौन लोग थे।

## विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव को मार्शलों ने निकाल कर बाहर किया

**यूनिक समय, लखनऊ।** यूपी विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव को मार्शलों ने निकाल कर बाहर कर दिया। वह महाकुंभ पर चर्चा के लिए समय बढ़ाने की मांग कर रहे थे। उन्होंने सभापति के आदेशों को भी नहीं माना।

यूपी विधान परिषद में सदन की कार्यवाही के दौरान नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव को मार्शलों ने निकाल कर बाहर कर दिया। वो सभापति से कुंभ पर चर्चा का समय बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इस दौरान सपा के सभी सदस्य वेल में थे। पीठ की व्यवस्था न मानने पर उन्हें मार्शलों को बाहर निकालने का निर्देश दिया गया। लाल बिहारी यादव को उठाकर सदन से बाहर कर दिया गया।

सत्र की कार्यवाही प्रारंभ होने से पहले यूपी के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी का बजट जन कल्याणकारी होगा। जनभावनाओं के अनुरूप होगा। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का ध्यान रखा जाएगा। ढांचागत विकास का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्ती के महाकुंभ को मृत्युकुंभ बताए जाने पर उन्होंने कहा कि जिन लोगों को जानकारी नहीं होती है वो इस तरह की भाषा का प्रयोग करते हैं।

## सार संक्षेप

### हनुमान मंदिर के शिखर का निर्माण शुरू

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में हनुमान मंदिर के शिखर का निर्माण शुरू हुआ।

### इंदौर के आश्रम में पहुंचा आसाराम

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आसाराम 12 साल बाद इंदौर के उसी आश्रम में पहुंचा, जहां से साल 2013 में राजस्थान पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। आसाराम कल देर रात इंदौर के बिलावली पर बने आश्रम में पहुंचा। आश्रम के बाहर आसाराम के अनुयायी फूल माला आरती उतारते नजर आए। सुबह से आश्रम के बाहर भीड़ लगी है। कुछ दिन पहले आसाराम को अहमदाबाद के आश्रम में देखा गया था, अब वह इंदौर पहुंचा है।

### केजरीवाल-आतिशी आएंगे शपथ ग्रहण समारोह में!

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल और आतिशी को शपथ ग्रहण समारोह का न्योता भेजा गया है। हालांकि अभी दोनों के आने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन दोनों को निमंत्रण पत्र मिल गया है। कल 20 जनवरी को दिल्ली के रामलीला मैदान में समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें करीब 30000 लोगों के शामिल होने की आशंका है।

### राजौरी में सेना के जवानों की फायरिंग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के राजौरी में संदिग्ध गतिविधि के बाद सेना के जवानों ने फायरिंगकी। पीर पंजाल क्षेत्र के सुंदरबनी राजौरी क्षेत्र में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनात सेना के जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखी, जिसक नहीं रुकने पर जवानों ने फायरिंग की। इलाके में अब सर्च ऑपरेशन चल रहा है।

### विक्की कौशल की फिल्म टैक्स फ्री करने की मांग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एक्टर विक्की कौशल की फिल्म छावां को आज छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर टैक्स फ्री करने की मांग उठाई जा रही है। हिंदू जन जागृति संगठन के बाद खुद शिवसेना नेता राहुल कनाल ने राज्य सरकार को इस बारे में पत्र लिखा है कि फिल्म छत्रपति संभाजी महाराज पर बनी है और शिव जयंती पर इसे टैक्स फ्री घोषित किया जाए।

### जयपुर में फैक्ट्री में लगी भयंकर आग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राजस्थान के जयपुर में सवार मोड़ पर एसके पोलिफॉम फैक्ट्री में भीषण आग लगी है, जिसमें बुझाने के लिए 10 से ज्यादा दमकल के वाहन पहुंचे हैं। विश्वकर्मा, बगरू, मानसरोवर, बिंदायका के दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से फैक्ट्री के चारों ओर बनी दीवार को तोड़ा गया। बिंदायका थाना पुलिस ने आसपास के क्षेत्र को खाली करवाया, लेकिन तब तक फैक्ट्री जलकर राख हो चुकी थी।

**रेलवे भर्ती घोटाला : हर उम्मीदवार से 4-5 लाख रिश्वत**

# सीबीआई ने कई अफसरों पर दर्ज किया केस



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सीबीआई ने कई रेलवे के अधिकारियों पर रिश्वत के लेन-देन को लेकर केस दर्ज किया है। जांच में पाया गया कि एक उम्मीदवार से 4-5 लाख रिश्वत ली गई थी।

रेलवे भर्ती घोटाले को लेकर रेलवे में विभागीय परीक्षा पास कराने के लिए रिश्वत का मामला सामने आया है। इस भर्ती घोटाले को लेकर आज सीबीआई ने कई अफसरों पर केस दर्ज किया है। सीबीआई ने यह मामला वडोदरा, मुंबई और अन्य जगहों के रेलवे अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। रेलवे में विभागीय परीक्षा पास कराने के लिए रिश्वत लेने का मामले में अंकुश वासन (आईआरपीएस, वेस्टर्न रेलवे, वडोदरा), संजय कुमार तिवारी (डिप्टी चीफ कमर्शियल मैनेजर, चर्चगेट, वेस्टर्न रेलवे, मुंबई) नीरज सिन्हा (डिप्टी सुपरिटेंडेंट) और मुकेश मीणा समेत कई अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सीबीआई से मिली जानकारी के मुताबिक, कुल 10 उम्मीदवारों की सूची बनाई गई जो पैसे देकर परीक्षा पास करना चाहते थे। हद तो यह है कि हर उम्मीदवार से 4-5 लाख रुपये की रिश्वत वसूली जा चुकी है। अधिकारियों ने लेन-देन का रिकॉर्ड न रहे इसलिए कैश की जगह सोने में लेन-देन किया। सीबीआई ने जांच में पाया है कि अंकुश वासन ने संजय कुमार तिवारी को 10 उम्मीदवारों की लिस्ट बनाने को निर्देश दिया था जो पश्चिम रेलवे द्वारा आयोजित होने वाले आगामी समिति विभाग परीक्षा में सेलेक्शन के लिए रिश्वत देने को तैयार हो जाएं। अंकुश ने संजय से यह भी कहा था कि वह मुकेश मीना से कॉन्टैक्ट में रहकर यह पता लगाए कि अभी ऐसे कितने उम्मीदवार तैयार हैं ताकि उनसे पैसे लिए जा सकें।

इसके बाद संजय कुमार तिवारी ने मुकेश मीना से इच्छुक उम्मीदवारों को लेकर जानकारी जुटाई। मुकेश मीना ने बताया कि वह पहले ही ऐसे 5 उम्मीदवारों से पैसे ले चुका है। इसके बाद वे इस बात पर सहमत हुए कि जुटाई गई रिश्वत सीधे मुकेश मीना की ओर से पर्सनली एसके तिवारी को सौंपी जाएगी और इसमें कोई भी मीडिएटर नहीं होना चाहिए। इसके बाद अंकुश वासन और एसके तिवारी के बीच इस पर बात हुई। अंकुश वासन ने संजय तिवारी को मुकेश मीना के आनंद पहुंचने पर मुकेश से पैसे जुटाने का निर्देश दिया। नीरज सिन्हा ने संजय को इसके बारे में जानकारी दी कि उन्होंने सेलेक्शन के लिए पैसे देने के लिए 4 लोगों की व्यवस्था कर दी है।

# एनआईए ने विशाखापट्टनम जासूसी मामले में की तीन और गिरफ्तारी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एनआईए ने पाक आईएसआई से जुड़े विशाखापट्टनम जासूसी मामले में 3 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है, ये तीन गिरफ्तारियां कर्नाटक और केरल से हुई हैं।

देश की नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने कर्नाटक और केरल से 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए को शक है कि ये तीनों आरोपी पाक आईएसआई से जुड़े विशाखापट्टनम जासूसी मामले में संलिप्त हैं। एनआईए ने स्थानीय पुलिस की मदद से मंगलवार को यह कार्रवाई की है। एनआईए को शक है कि यह तीनों पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स के संपर्क में थे और उन्हें देश से जुड़ी संवेदनशील जानकारी साझा कर रहे थे।

मिली जानकारी के मुताबिक, सीबीआई ने पुलिस टीम के साथ मंगलवार को वेथन लक्ष्मण टंडेल और अक्षय रवि नाइक को कर्नाटक के उत्तर कन्नडा जिले से गिरफ्तार किया है। वहीं, अभिलाष पी.ए. को केरल के कोच्चि से गिरफ्तार किया गया। अब तक एनआईए ने इस मामले में इन लोगों को मिलाकर कुल 8 गिरफ्तारियां की हैं। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी व्यक्ति सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स (पीआईओ) के संपर्क में थे।

एनआईए की जांच के अनुसार, वे कारवार नौसेना बेस और कोच्चि नौसेना बेस पर भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों के बारे में संवेदनशील जानकारी साझा कर रहे थे और जानकारी के बदले पीआईओ से धन हासिल कर रहे थे। एनआईए ने अब तक दो फरार पाकिस्तानी गुर्गों




### आईएसआई को बेच रहे थे संवेदनशील जानकारी

सहित 5 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर किया है। ये केस मूल रूप से आंध्र प्रदेश काउंटर इंटेलिजेंस सेल, ने जनवरी 2021 में आईपीसी की धारा 120 बी और 121 ए, यूए (पी) अधिनियम की धारा 17 और 18 और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की धारा 3 के तहत दर्ज किया गया था।

एनआईए की जांच से पता चला है कि पाकिस्तानी नागरिक मीर बालाज खान, गिरफ्तार आरोपी आकाश सोलंकी के साथ, भारत विरोधी साजिश के तहत भारतीय नौसेना से संबंधित संवेदनशील महत्वपूर्ण जानकारी के लीक से संबंधित जासूसी रैकेट में शामिल था। मीर बालाज और सोलंकी के अलावा, एनआईए ने मामले में एक और फरार पीआईओ के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है, जिनकी पहचान अलवेन के रूप में कई गयी है, जून 2023 में इस इस केस की जांच शुरू करने वाली एनआईए ने मनमोहन सुरेंद्र पांडा और अमान सलीम शेख को जून 2023 में अरेस्ट किया था।

## नए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पदभार संभाला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पदभार संभाल लिया है। पदभार संभालने के साथ ही उन्होंने मतदाताओं को संदेश भी दिया है। उन्होंने अपने संदेश में लिखा, 'राष्ट्र सेवा के लिये पहला कदम है, मतदान। अतः भारत के हर नागरिक, जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हों, उन्हें मतदाता जरूर बनना चाहिये और मतदान अवश्य करना चाहिये। भारत के संविधान, लोक प्रतिनिधित्व क़ानूनों, नियमों और उनके अन्तर्गत जारी निर्देशों के अनुरूप। चुनाव आयोग हमेशा, मतदाताओं के साथ था, है और रहेगा।'

देश के 26 वें मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान वे इस साल के अंत में बिहार विधानसभा चुनाव, वर्ष 2026 में पश्चिम बंगाल विधानसभा, केरल, तमिलनाडु विधानसभा चुनावों की जिम्मेदारी संभालेंगे।



बता दें कि ज्ञानेश कुमार मार्च 2024 से निर्वाचन आयुक्त के पद पर कार्यरत थे और सोमवार को उन्हें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में प्रमोशन मिला है। राजीव कुमार मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त के पद से रिटायर हो गए। उनके रिटायर होने के एक दिन बाद ज्ञानेश कुमार को निर्वाचन आयोग के प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुखबीर सिंह संधू निर्वाचन आयुक्त हैं, जबकि विवेक जोशी को सोमवार को निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया।

## गुस्साए ग्रामीणों ने सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ लगाए नारे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बिहार के रोहतास में नीतीश कुमार के सामने गुस्साए ग्रामीणों ने मुर्दाबाद के नारे लगाए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी प्रगति यात्रा के पांचवें चरण में रोहतास जिले के चेनारी पहुंचे। उनके आगमन पर स्थानीय ग्रामीणों ने कार्यक्रम स्थल के पास जोरदार विरोध किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि प्रगति यात्रा में हमारी समस्याओं को नहीं सुना जा रहा है। लोगों ने सवाल उठाया कि अगर मुख्यमंत्री हमारी बात ही नहीं सुनेंगे तो यह कैसी प्रगति यात्रा? नाराज ग्रामीणों ने सीएम से मिलने की मांग की, लेकिन उन्हें कार्यक्रम स्थल के पास नहीं जाने दिया गया।

# संपत्ति विवाद में कैब चालक की हत्या

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ठाणे पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि पिछले महीने एक एग्रीगेटर कैब चालक की हत्या के पीछे संपत्ति विवाद का मामला था। इस मामले में उसकी प्रेमिका और चार अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि, ठाणे जिले के भिवंडी इलाके के मौजे पोगांव में तानसा वैतरणा जल पाइपलाइन के पास 17 जनवरी को कैब चालक अकरम इकबालुद्दीन कुरैशी पर लोहे की छड़ों और पत्थरों से हमला किया गया था। उसका शव 18 जनवरी को पाइपलाइन के पास एक झाड़ी में मिला था। मामले में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दादासो एडके ने बताया कि भिवंडी तालुका पुलिस ने इसके बाद अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया।

मामले की जांच के लिए दो पुलिस दल गठित किए गए। जांचकर्ताओं ने अपराध स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें पीड़ित एक महिला के साथ आता हुआ दिखाई दे रहा था।

### प्रेमिका समेत पांच गिरफ्तार, ठाणे में पुलिस पर भीड़ का हमला

अधिकारी ने बताया कि पीड़ित के मोबाइल फोन डेटा के तकनीकी विश्लेषण के बाद पुलिस ने पिछले महीने उसकी प्रेमिका जस्सी तिवारी को हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान उसने अपराध में अपनी संलिप्तता कबूल की और पुलिस को अन्य आरोपियों के नाम का खुलासा किया। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों में से एक मोहम्मद कैफ मोहम्मद रफीक कुरैशी का पीड़ित के साथ जमीन विवाद था। उस व्यक्ति और उसके साथियों ने पीड़ित को फंसाने के लिए लड़की का इस्तेमाल किया। अधिकारी ने बताया कि घटना के दिन लड़की ने पीड़ित को मुंबई में उसके घर से बहला-फुसलाकर भिवंडी ले गई, जहां उसे कार में पहले से तय स्थान पर ले जाया गया।

## कोलकाता में एक ही परिवार की तीन महिलाएं मृत पाई गईं

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कोलकाता पुलिस के संयुक्त आयुक्त रुपेश कुमार ने बताया कि परिवार के तीन सदस्य जिस कार में थे, वह बुधवार सुबह करीब चार बजे इएम बायपास के पास मेट्रो पिलर से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार किसी वाहन से टकराकर नहीं बल्कि सीधे मेट्रो पिलर से टकराई।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल वहां एक ही परिवार की तीन महिला सदस्य घर में मृत पाई गईं हैं। वहीं मृत पाई गई एक महिला के पति की कार हादसे में मौत हो गई और घर के दो अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। महिलाओं के शव देखकर माना जा रहा है कि तीनों ने आत्महत्या की है। हालांकि मौत का असल कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। कोलकाता पुलिस

### पति की कार हादसे में मौत, दो अन्य घायल

के संयुक्त आयुक्त रुपेश कुमार ने बताया कि परिवार के तीन सदस्य जिस कार में थे, वह बुधवार सुबह करीब चार बजे इएम बायपास के पास मेट्रो पिलर से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार किसी वाहन से टकराकर नहीं बल्कि सीधे मेट्रो पिलर से टकराई। कोलकाता पुलिस के आयुक्त मनोज कुमार वर्मा भी पीड़ितों के घर पहुंचे और उन्होंने मीडिया को बताया कि घर में मृत पाई गई एक लड़की की उम्र14-15 साल है। वहीं दो वयस्क महिलाएं हैं। माना जा रहा है कि महिलाओं ने अपनी कलाई काटने से पहले खाने में कुछ गोलियां मिलाकर खाईं थीं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि अभी इस मामले में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा कि यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का। लड़की के शव पर चोट के कोई बड़े निशान नहीं हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असल वजह का खुलासा हो सकेगा। ऐसा माना जा रहा है कि कार हादसे के बाद परिवार की महिलाओं ने आत्महत्या कर ली। पुलिस को पड़ोसियों से पूछताछ में पता चला है कि मंगलवार को करीब 10 लोग पीड़ितों के घर आए थे। ऐसे में उन लोगों का घटना से कोई संबंध तो नहीं है, पुलिस इसका भी पता लगा रही है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था। ऐसे में इस एंगल से भी घटना की जांच हो रही है। कार दुर्घटना घर से करीब छह किलोमीटर दूर ही हुई। हादसे में घायल हुए लोगों से भी पुलिस पूछताछ करेगी। फिलहाल उनकी हालत सुधरने का इंतजार किया जा रहा है।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053